अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अंडर टेकिंग/निगमों/निकाओं/परिषदों/विश्वविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत करायें ।

सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–7/जा0नि0–19–10/2005 का0 2759/राँची, दिनांक– 01/06/2006

महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची/विधान सभा सचिवालय/झारखण्ड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के प्रधान सचिव

253

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग

<u>संकल्प</u> – 368

रांची, दिनांक 19/01/2006

विषय : झारखण्ड राज्य के सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 के अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में कतिपय संशोधन।

झारखण्ड राज्य के पदों एवं सेवाओं में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 की धारा–2 में अत्यंत पिछड़े वर्गों एवं पिछड़े वर्गों को परिभाषित किया गया है तथा इसमें सम्मिलत वर्ग को इस नियम की अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

2. उक्त अधिनियम की धारा 14 (अ) के द्वारा अंकित अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में उल्लेखित किसी जाति/वर्ग को जोड़ने या हटाने की शक्ति राज्य सरकार को प्रदत्त है।

अतएव, राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में निम्नरूपेण संशोधन किया जाय।

<u>अनुसूची–1</u>

(क) क्रमांक 106 पर तिलि जाति के साथ एकादश तिलि/द्वादश तिलि/एकादश तेली/द्वादश तेली जोड़ा जाय।

(ख) क्रमांक–113 पर बागाल/खण्डवाल जोड़ा जाय।

<u>अनुसूची–2</u>

(क) क्रमांक 29 पर यथाअंकित सोनार जाति के कोष्ठक में सुवर्ण वनिक जोड़ा जाय।

(ख) क्रमांक–42 पर चासा जाति जोड़ा जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

(मुखत्यार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–7/जाति निर्धारण–02–110/01 का॰ 368 /रांची, दिनांक 19/01/2006

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि गजट की 200 (दो सौ) प्रति ~~कार्मिक, प्र.सु. तथा~~ राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को उपलब्ध करायें।

सरकार के प्रधान सचिव

185 252

ज्ञापांक–7 / जाति निर्धारण–02–110 / 01 का॰ 368 / रांची, दिनांक 19/01/2006

प्रतिलिपि–राज्यपाल सचिवालय / मुख्यमंत्री सचिवालय / लोकायुक्त के सचिव, झारखण्ड, रांची / सरकार के सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / मुख्य सचिव के सचिव / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों / सभी राज्य पब्लिक अंडरटेकिंग / निगमों / निकायों / परिषदों / विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत करायें।

सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–7 / जाति निर्धारण–02–110 / 01 का॰ 368 / रांची, दिनांक 19/01/2006

प्रतिलिपि–महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची / विधान सभा सचिवालय / झारखण्ड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव

पत्र संख्या-7/वि०वि०सं०-03-15/2003 का० 2289, 3/13.410

झारखंड सरकार,

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

प्रेषक,

मुखत्यार सिंह,
सरकार के प्रधान सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रधान सचिव,
सभी विभागीय सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी उपायुक्त
झारखंड ।

रांची, दिनांक-18 जुलाई, 2005 ई०

विषय :- **राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों/कार्यालयों/निगमों/निकायों की सेवा एवं पदों पर नियुक्ति हेतु विकलांगों के लिए पद कर्णांकित करने के संबंध में ।**

महाशय,

भारत सरकार द्वारा निर्गत विकलांग सुरक्षा अधिनियम, 1995 की धारा 33 में यह व्यवस्था की गई है कि किसी भी सरकार के अंतर्गत रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती में 3 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था विकलांग उम्मीदवारों के लिए की जाय । तद्नुसार उक्त अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप झारखंड पदों एवं सेवाओं में आरक्षण अधिनियम 2001 में विकलांग उम्मीदवारों के लिए 3 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिनमें अंधापन अथवा कम दृष्टि के फलस्वरूप विकलांगों को 1 प्रतिशत, बहरापन के फलस्वरूप विकलांगों को 1 प्रतिशत एवं लोकोमोटिव विकलांगता अथवा सेरिब्रल पाल्सी से ग्रसित विकलांगों के लिए 1 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है । परन्तु इन आरक्षण के विरुद्ध नियुक्ति हेतु पदों के चिन्हित नहीं हो पाने के फलस्वरूप इन्हें इस आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है । झारखंड पदों एवं सेवाओं में आरक्षण अधिनियम, 2001 की प्रति संलग्न है ।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक-11/आ०-04-आ०नि०/2000 का०-251 दिनांक-18.10.2000 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा राज्य सरकार के अधीन सरकारी विभागों/कार्यालयों/निगमों/निकायों की सेवा एवं पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु विकलांगों के लिए आरक्षित 3 प्रतिशत पदों की पहचान कर विकलांगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी । यह परिपत्र राज्य विभाजन के पूर्व का होने के फलस्वरूप

झारखंड राज्य में भी प्रभावी है । इस परिपत्र के अनुसार विकलांगों के लिए आरक्षण सभी पदों पर लागू होगा तथा किसी संगठन या सेवा में विकलांगों के लिए आरक्षण यदि उपयुक्त नहीं समझा जाता है, तो नियुक्ति पदाधिकारी अपने प्रशासी विभाग के माध्यम से विकलांगों के लिए आरक्षण से किसी सेवा/पद को अलग रखने का प्रस्ताव कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को भेजेंगे । कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग प्रस्ताव को इस हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष उपस्थापित कर समिति की अनुशंसा के साथ राज्य सरकार का आदेश प्राप्त कर राज्य सरकार का निर्णय संसूचित करेगा ।

अतः अनुरोध है कि उक्त पत्र में दिए गए दिशा–निर्देश के आलोक में अविलम्ब अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा की जाए ।

विश्वासभाजन,

(मुखत्यार सिंह),
सरकार के प्रधान सचिव

(100)

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय : झारखण्ड राज्य के सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 2001 के अनुसूची–2 में संशोधन।

झारखण्ड राज्य के पदों एवं सेवाओं में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 2001 की धारा–2 में अत्यंत पिछड़े वर्गों एवं पिछड़े वर्गों को परिभाषित किया गया है तथा इसमें सम्मिलित वर्ग को इस नियम की अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

2. उक्त अधिनियम की धारा 14 (अ) के द्वारा अंकित अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में उल्लेखित किसी जाति/वर्ग को जोड़ने एवं हटाने की शक्ति राज्य सरकार को प्रदत्त है।

अतएव राज्य सरकार ने अनुसूची–2 में निम्नरूपेण संशोधन करने का निर्णय लिया है :–

अनुसूची–2

(क) क्रमांक 41 पर "लक्ष्मी नारायण गोला" जोड़ा जाए।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में झारखण्ड राज्य के सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 2001 की अनुसूची–2 तदनुसार संशोधित माना जायेगा।

2. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड सरकार के राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाए।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(मुखत्यार सिंह)
आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक – 7/जाति निर्धा0–19–02/03 का. 6374 /रांची, दिनांक // दिसम्बर, 2004

प्रतिलिपि – अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरंडा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 (दो सौ) प्रति कार्मिक, प्र.सु. तथा राजभाषा विभाग, रांची को उपलब्ध करायें।

आयुक्त एवं सचिव।

99

ज्ञापांक – 7/जाति निर्धा0–19–02/03 का.....6374...../रांची, दिनांक 11 दिसम्बर, 2004

प्रतिलिपि– राज्यपाल सचिवालय/मुख्यमंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/ सभी राज्य पब्लिक अंडरटेकिंग/ निगमों/निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत करायें।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक – 7/जाति निर्धा0–19–02/03 का.....6374...../रांची, दिनांक 11 दिसम्बर, 2004

प्रतिलिपि – महानिबंधक, उच्च न्यायालय, रांची/विधान सभा सचिवालय/झारखण्ड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

आयुक्त एवं सचिव।

148

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय : झारखण्ड राज्य के सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 2001 के अनुसूची 1 एवं अनुसूची 2 में कतिपय संशोधन।

झारखण्ड राज्य के पदों एवं सेवाओं में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 2001 की धारा–2 में अत्यंत पिछड़े वर्गों एवं पिछड़े वर्गों को परिभाषित किया गया है तथा इसमें सम्मिलत वर्ग को इस नियम की अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

2. उक्त अधिनियम की धारा 14 (अ) के द्वारा अंकित अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में उल्लेखित किसी जाती/वर्ग को जोड़ने एवं हटाने की शक्ति राज्य सरकार को प्रदत्त है।

अतएव, राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 में निम्नरूपेण संशोधन किया जाए :–

अनुसूची – 1

क) क्रमांक 109 पर 'लेट'

ख) क्रमांक 56 पर अंकित बागदी के प्रकोष्ठ में बागती (बागची) अंकित किया जाए।

ग) क्रमांक 110 पर 'कुनाई'

घ) क्रमांक 111 पर 'पुष्पनामित'

ङ.) क्रमांक 112 पर 'झोरा' जाति जोड़ा जाए।

अनुसूची–2

क) क्रमांक 22 पर यथाअंकित यादव जाति के उपजाति कोष्ठक में ग्वाला, अहीर, गोप, घासी, मेहर के बाद 'सदगोप' जोड़ा जाए।

ख) क्रमांक 39 पर 'वैरागी (वैष्णव)) जोड़ा जाए।

ग) क्रमांक 40 पर 'पाईक' जोड़ा जाए।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में झारखण्ड राज्य के सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 2001 की अनुसूची–1 एवं अनुसूची–2 उपरोक्त अंश तक संशोधित माना जायेगा।

2. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड सरकार के राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाए।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

(मुखत्यार सिंह)
आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक 7/जाति निर्धा0–19–02/03 6337/रांची, दिनांक 08 दिसम्बर, 2004

प्रतिलिपि – अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरंडा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 (दो सौ) प्रतियां कार्मिक, प्र.सु. तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को उपलब्ध करायें।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक 7/जाति निर्धा0–19–02/03/ 6337 /रांची, दिनांक 08 दिसम्बर, 2004

प्रतिलिपि – राज्यपाल सचिवालय/मुख्यमंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त /सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत करायें।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक 7/जाति निर्धा0–19–02/03/ 6337 /रांची, दिनांक 08 दिसम्बर, 2004

प्रतिलिपि – महानिबंधक, उच्च न्यायालय, रांची/सचिवालय, विधानसभा सचिवालय/झारखण्ड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आयुक्त एवं सचिव।

(127

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय : **मयरा (मैरा) मोदक जाति को झारखंड राज्य के पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसची–2) में समावेशित करने के संबंध में।**

झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण अधिनियम 2001 की धारा 14 (अ) का प्रयोग करते हुए मयरा (मैरा) मोदक जाति को पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसूची–2) में समावेश करने हेतु राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।

प्रतिवेदन में मयरा (मैरा) मोदक जाति सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा होने के कारण पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसूची–2) में बनिया वर्ग में हलवाई के बाद और रौनियार से पहले समावेश करने की अनुशंसा की गई।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा के आधार पर राज्य सरकार ने मयरा (मैरा) मोदक जाति को पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसूची–2) के क्रमांक 20 पर बनिया वर्ग में हलवाई के बाद और रौनियार से पहले समावेश करने का निर्णय लिया गया है।

आदेशः आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी हेतु संकल्प झारखण्ड गजट में प्रकाशित किए जाए और इसकी प्रतिलिपि महालेखाकार, बिहार, झारखण्ड/पटना, रांची/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/अध्यक्ष झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/निदेशक, जन जातिय कल्याण शोध संस्थान, रांची, को सूचनार्थ भेजी जाए।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(मुखत्यार सिंह)
सरकार के आयुक्त एवं सचिव।

126

ज्ञापांक – 7/02 जा.नि.–110/01 का. 3436 / रांची, दिनांक 28 जून, 2004

प्रतिलिपि – अधीक्षक, सचिवालय, मुद्राणालय, डोरण्डा, रांची को झारखण्ड गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन के लिए अग्रसारित। अनुरोध है कि इसकी 500 प्रतियां कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को उपलब्ध करायी जाए।

सरकार के आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक – 7/02 जा.नि.–110/01 का. 3436 / रांची, दिनांक 28 जून, 2004

प्रतिलिपि – सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/~~सभी उपायुक्त~~, को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

सरकार के आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक – 7/02 जा.नि.–110/01 का. 3436 / रांची, दिनांक 28 जून, 2004

प्रतिलिपि – महालेखाकर, झारखण्ड, रांची/बिहार, पटना, को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक – 7/02 जा.नि.–110/01 का. 3436 / रांची, दिनांक 28 जून, 2004

प्रतिलिपि – महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/माननीय मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव/आरक्षी उप महानिदेशक, झारखण्ड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के आयुक्त एवं सचिव।

388

पत्र संख्या-7/06-विविध-18/2001का0-4196/
झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

श्री स्वर्णादित्य सहाय,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

सभी आयुक्त सह-सचिव
सभी विभागाध्यक्ष
सभी प्रमंडलीय आयुक्त
सभी उपायुक्त

रांची, दिनांक- 22 जुलाई, 2003

विषय:- झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 के अनुसूची-2 के क्रमांक-32 को विलोपित करने के संबंध में।

महाशय,

निर्देशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि आरक्षण अधिनियम की अनुसूची-2 के क्रमांक-32 पर इदरीसी/दर्जी (मुस्लिम) जाति को कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प सं0-3885 दिनांक 5.11.2001 के द्वारा अनुसूची-1 (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग) के क्रमांक-107 पर प्रविष्टि किया गया है, अतः अनुसूची-2 के क्रमांक-32 को विलोपित समझा जाय।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अंडर-टेकिंग/ परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/विद्यालयों को इस संबंध में अवगत करावें।

विश्वासभाजन,
ह0/22/7/03
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक-7/06-विविध-18/01का0-4196/रांची, दिनांक-22 जुलाई, 2003
प्रतिलिपि:-राज्यपाल सचिवालय / मुख्यमंत्री सचिवालय/ मुख्य सचिव के सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/22/7/03
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक-7/06-विविध-18/2001का0-4196/रांची, दिनांक-22 जुलाई, 2003
प्रतिलिपि:-महानिबंधक, उच्च न्यायालय, रांची/सचिव, विधान सभा सचिवालय/ झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/22/7/03
सरकार के उप सचिव।

उदय/

1386

87

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषय:- मोमिन (मुस्लिम)जाति के साथ शेख, जुलहा, अंसारी को सम्बद्ध करने के संबंध में ।

मोमिन (मुस्लिम)जाति का उल्लेख बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गो के लिये) अधिनियम, 1991 (झारखंड सरकार की अधिसूचना संख्या-3389 दिनांक 22.9.2001 से अंगीकृत) की अनुसूची-1, अत्यंत पिछड़े वर्गो की सूची में कमांक-94 पर मोमिन (मुस्लिम) जाति का उल्लेख है ।

2- मोमिन (मुस्लिम) जाति के साथ शेख, जुलहा एवं अंसारी को सम्बद्ध करने हेतु जनजातीय कल्याण शोध संस्थान से आवश्यक जांच एवं मंतव्य प्राप्त किया गया । उल्लेखित संस्थान ने अनुशंसा की है कि शेख, जुलहा एवं अंसारी उपाधि धारक मोमिन (मुस्लिम) जाति के सदस्य जिनका खतियानों में जाति के रूप में शेख, जुलहा या अंसारी दर्ज हो गया है, मोमिन (मुस्लिम) समुदाय के ही सदस्य हैं ।

3- उपरोक्त कंडिका-2 में संस्थान की अनुशंसा पर कल्याण विभाग की सहमति प्राप्त है ।

4- अतः बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गो के लिए) अधिनियम, 1991 (झारखंड सरकार द्वारा अंगीकृत) की धारा 14-अ के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की अनुसूची-1 के कमांक-94 को निम्न प्रकार गठित करने का निर्णय लिया गया है:-

<u>अनुसूची-1</u> कमांक-94- मोमिन (मुस्लिम) (शेख, जुलहा, अंसारी) ।

आदेश :- (i) आदेश है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गो के लिए) अधिनियम, 1991 (झारखंड सरकार द्वारा अंगीकृत) की अनुसूची-1 उपरोक्त अंश तक संशोधित माना जाये ।

(ii) आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाय ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,
(सुशील कुमार चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-7/झा0वि0स0-26/2002का0-801/ राँची, दिनांक-11 फरवरी, 2003 ई0 ।

प्रतिलिपि-अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को उपलब्ध करायें ।

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-7/झा0वि0स0-26/2002का0-801/ राँची, दिनांक-11 फरवरी, 2003 ई0 ।

प्रतिलिपि :- महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव, मुख्य मंत्री सचिवालय, राँची/महानिबंधक, झारखंड उच्च न्यायालय, राँची/ प्रभारी सचिव, झारखंड विधान सभा सचिवालय/झारखंड लोक सेवा आयोग/सरकार के सभी विभाग/ सभी विभागाध्यक्ष/ मुख्य सचिव के सचिव/ सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/ सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के सचिव ।

झारखंड सरकार,

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

:- संकल्प :-

विषय :- झारखंड में राज्य स्तरीय पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों मे आरक्षण ।

भारतीय संविधान की धारा 16(4) के अनुसार सरकारी पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गो को सम्यक् रूप से प्रतिनिधित्व उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार को शक्तियां प्रदत्त है । राज्य सरकार द्वारा संविधान के उपरोक्त प्रावधानों के आलोक में राज्य स्तरीय पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था संकल्प संख्या- 3464, दिनांक- 03.10. 2001 ,पठित अधिसूचना संख्या-3465 दिनांक-03.10.2001 द्वारा की गयी ।

2. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण एवं विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका संख्या-WP(PIL) 3696/2002 रजनीश मिश्रा बनाम राज्य सरकार एवं WP(PIL) 4706/2001 दिनेश नीरज शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य के द्वारा चुनौती दी गयी और इस संबंध में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के 5 माननीय न्यायाधीशों के बेंच द्वारा सभी पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात् दिनांक-22.8. 2002 को एक अंतरिम आदेश पारित किया गया एवं पुनः दिनांक-30.9.2002 को उक्त अंतरिम आदेश को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए एक और आदेश पारित किया गया ।

3. माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के उक्त अंतरिम आदेश एवं संशोधित आदेश के अनुसार झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण 50 प्रतिशत तक सीमित रखी जायेगी और इसका निर्धारण करने के लिए राज्य सरकार स्वतंत्र होगा ।

उक्त आदेश में यह भी कहा गया है कि उक्त याचिकाओं के अंतिम निर्णय होने तक, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर एस0एल0पी0 13526/1993 Voice (Consumer Council) vrs. State of Tamil Nadu के फैसले पर आधारित होगा, 23 प्रतिशत पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में गुणानुगुण (Merit) कोटि से तदर्थ/औपबंधिक रूप से नियुक्ति की जायेगी ।

शेष 27 प्रतिशत सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से गुणानुगण (Merit) कोटि से की जायेगी ।

4. माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के उपरोक्त अंतरिम आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने राज्य स्तरीय पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण की अंतरिम व्यवस्था निम्नलिखित रूप से करने का निर्णय लिया है :-

(1) किसी स्थापना में सेवाओं और पदों की सभी नियुक्तियाँ, जो सीधी भर्त्ती के द्वारा भरी जाने वाली हो, निम्नलिखित रूप से विनियमित की जायेगी, यथा :-

(क) खुली गुणानुगुण (मेरिट) कोटि से:-	प्रथम 27 प्रतिशत (नियमित रूप से)
	शेष 23 प्रतिशत (तदर्थ/औपबंधिक रूप से)
	कुल-50 प्रतिशत
(ख) आरक्षित कोटि से :-	50 प्रतिशत

(2) आरक्षित कोटि की 50 प्रतिशत में से आरक्षित उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों की रिक्तियाँ निम्न रूपेण होगी :-

(क) अनुसूचित जाति	-	10 प्रतिशत
(ख) अनुसूचित जनजाति	-	26 प्रतिशत
(ग) अन्य पिछड़ा वर्ग	-	14 प्रतिशत
(अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग को एक समेकित कोटि मानकर)	कुल-	50 प्रतिशत

(3) उपर्युक्त में निम्न प्रकार से क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था होगी :-

(i) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए :-

(क) अंधापन अथवा कम दृष्टि	-	1 प्रतिशत
(ख) बहरापन	-	1 प्रतिशत
(ग) लोकोमोटिव विकलांगता अथवा सेरिब्रल पाल्सी	-	1 प्रतिशत
	कुल-	3 प्रतिशत
(ii) महिलाओं के लिए :-		5 प्रतिशत
(iii) खेल-कूद कोटा :-		2 प्रतिशत

टिप्पणी :- (1) खुली गुणानुगुण (मेरिट) कोटि में आरक्षित कोटि अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा

वर्ग समेकित रूप से) के उम्मीदवार यदि सफल होते है तो उन्हें आरक्षित कोटि में नहीं गिना जाने का प्रावधान है । परन्तु ऐसा संभव है कि 23 प्रतिशत की खुली गुणागुण (मेरिट) कोटि के विरूद्ध जो तदर्थ/औपबंधिक नियुक्ति की जायेगी उनमें से आरक्षित कोटि के समुदाय के व्यक्ति भी शामिल हों और उन्हें आरक्षित कोटि के विरूद्ध नियमित रूप से नियुक्त होने वाले उम्मीदवारों से ज्यादा अंक प्राप्त हों । ऐसी स्थिति में नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार अपेक्षाकृत अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों को तदर्थ/औपबंधिक रूप से नियुक्त करना एवं कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को नियमित रूप से नियुक्त करना न्यायोचित नहीं होगा । अतएव ऐसी परिस्थिति में अपेक्षाकृत कम अंक पाने वाले आरक्षित कोटि के सफल उम्मीदवारों को 23 प्रतिशत तदर्थ/औपबंधिक रूप से कोटि के अंतर्गत नियुक्त किया जायेगा एवं अपेक्षाकृत अधिक अंक पाने वाले ऐसे सफल उम्मीदवार को 50 प्रतिशत आरक्षित कोटि के अंतर्गत नियमित रूप से नियुक्त किया जायेगा ।

(2) तदर्थ/औपबंधिक नियुक्ति के संबंध में जो भी नियुक्ति पत्र निर्गत होगा उसमें यह स्पष्ट अंकित होगा कि वह ऊपर कंडिका-3 में वर्णित माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या-WP (PIL) 3696/2002 रजनीश मिश्रा बनाम झारखंड सरकार एवं WP (PIL) 4706/2001 दिनेश नीरज शर्मा बनाम यूनियम ऑफ इन्डिया एवं अन्य में पारित होने वाले अंतिम आदेश से प्रभावित होगा ।

(3) राज्य सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या-3465 दिनांक-3.10.2001 के द्वारा बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गो के लिए) अधिनियम, 1991 को कतिपय संशोधनों के साथ अंगीकृत किया गया है । अतएव इस संकल्प द्वारा आरक्षण के संबंध में की जा रही अंतरिम व्यवस्था को छोड़कर उक्त अधिनियम के अन्य प्रावधान अप्रभावित रहेंगे और यथावत लागू रहेंगे ।

आदेश:- आदेश है कि सर्व साधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित किया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, बिहार/झारखंड/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,

10.10.2002

(एस0 के0 चौधरी)
सरकार के सचिव

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001-5776 / राँची, दिनांक- 10.10.2002

प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, राँची को भेजें ।

10.10.2002

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001-5776 / राँची, दिनांक- 10.10.2002

प्रतिलिपि- राज्यपाल सचिवालय/मुख्य मंत्री सचिवालय/ सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें ।

10.10.2002

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001-5776 / राँची, दिनांक- 10.10.2002

प्रतिलिपि- महानिबन्धक, झारखंड उच्च न्यायालय, राँची/सचिव, झारखंड विधान सभा/झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

10.10.2002

सरकार के सचिव ।

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

:- संकल्प :-

विषय : झारखंड पदों एवं सेवाओं में जिला स्तरीय सीधी नियुक्ति में आरक्षण ।

बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण(अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001, जिसे अधिसूचना संख्या [illegible], दिनांक 3.10.2001 के द्वारा कुछ संशोधनों के साथ अंगीकृत किया गया है । इस अधिनियम की धारा- 4 की उप धारा 2 के परन्तुक में विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के प्रतिशत के अनुसार सीधी नियुक्ति हेतु विभिन्न प्रतिशत निर्धारित करने का प्रावधान है और इस संबंध में झारखंड सरकार द्वारा संकल्प संख्या- 572, दिनांक- 24.01.2002 निर्गत किया गया है ।

2. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण एवं विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका संख्या-WP(PIL) 3696/2002 रजनीश मिश्रा बनाम राज्य सरकार एवं WP(PIL) 4706/2001 दिनेश नीरज शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य के द्वारा चुनौती दी गयी और इस संबंध में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के 5 माननीय न्यायाधीशों के बेंच द्वारा सभी पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात दिनांक-22.8.2002 को एक अंतरिम आदेश पारित किया गया एवं पुनः दिनांक 30.9.2002 को उक्त अंतरिम आदेश को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए एक और आदेश पारित किया गया ।

3. माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के उक्त अंतरिम आदेश एवं संशोधित आदेश के अनुसार झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण 50 प्रतिशत तक सीमित रखी जायेगी और उसका निर्धारण करने के लिए राज्य सरकार स्वतंत्र होगा ।

उक्त आदेश में यह भी कहा गया है कि उक्त याचिकाओं के अंतिम निर्णय होने तक, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर एस0एल0पी0 13526/1993

Voice (Consumer Council) vs. State of Tamil Nadu [illegible] सीमा, 23 प्रतिशत पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में गुणानुगुण (Merit) कोटि से तदर्थ/औपबंधिक रूप से नियुक्ति की जायेगी ।

शेष 27 प्रतिशत सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में नियुक्ति [illegible] द्वारा नियमित रूप से गुणागुण (Merit) कोटि से की जायेगी ।

4. माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार आरक्षण का कुल प्रतिशत 50 प्रतिशत के अंदर सीमित रखा जाना है और इसी के आलोक में राज्य स्तरीय नियुक्ति में आरक्षण की सीमा निर्धारित की गयी है और संकल्प संख्या 5776 दिनांक 10.10.2002 निर्गत किया गया है ।

5. राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिला स्तर पर सीधी नियुक्ति में आरक्षित कोटि की रिक्तियों को विभिन्न कोटियों में विभाजित करने हेतु अविभाजित बिहार में लागू व्यवस्था के अनुरूप सर्वप्रथम अनुसूचित जाति को 1991 की जनगणना के अनुसार जिलावार जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण उपलब्ध कराया जाय । इसके पश्चात् अनुसूचित जनजाति को 1991 की जिलावार जनगणना के अनुसार आरक्षण उपलब्ध कराया जाना है । अगर दोनों को मिलाकर 50 प्रतिशत से संख्या बढ़ जाती है तो आरक्षण 50 प्रतिशत तक ही सीमित रखा जाएगा । इस प्रक्रिया के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को आरक्षण उपलब्ध कराने के बाद 50 प्रतिशत में से संख्या उपलब्ध होती है तो वह शेष प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्गों (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग को मिलाकर एक कोटि मानकर) उपलब्ध कराया जाय ।

6. राज्य सरकार ने उक्त आदेश के आलोक में झारखंड राज्य के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी जिलों के लिए सीधी नियुक्ति में आरक्षण का प्रतिशत निम्न रूप से निर्धारित किया है :-

(क)खुली गुणागुण(मेरिट)कोटि से :- प्रथम 27 प्रतिशत(नियमित रूप से)
शेष 23 प्रतिशत(तदर्थ/औपबंधिक रूप से)
कुल 50 प्रतिशत

(ख)आरक्षित कोटि से :- 50 प्रतिशत

7. कंडिका-5 में अंकित प्रावधानों के अनुसरण में आरक्षण कोटि की 50 प्रतिशत रिक्तियाँ उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों के लिए जिलावार विभाजित की गयी है जो इस संकल्प के साथ संलग्न परिशिष्ट-1 में दर्शायी गयी है ।

8. उपर्युक्त कंडिका 6 एवं 7 में निर्धारित आरक्षण व्यवस्था में क्षैतिज आरक्षण निम्न प्रकार से होगा :

(i) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए :-

(क) अंधापन अथवा कम दृष्टि	-	1 प्रतिशत
(ख) बहरापन	-	1 प्रतिशत
(ग) लोकोमोटिव विकलांगता अथवा सेरिब्रल पाल्सी	-	1 प्रतिशत
	कुल-	3 प्रतिशत
(ii) महिलाओं के लिए :		5 प्रतिशत
(iii) खेल-कूद कोटा :		2 प्रतिशत

टिप्पणी :- (1) खुली गुणानुगुण (मेरिट) कोटि में आरक्षित कोटि अर्थात अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समेकित रूप से) के उम्मीदवार यदि सफल होते हैं तो उन्हें आरक्षित कोटि में नहीं गिना जाय । परन्तु ऐसा संभव है कि 23 प्रतिशत के विरुद्ध जो तदर्थ/औपबंधिक नियुक्ति की जायेगी उनमें से आरक्षित कोटि के समुदाय के व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं और उन्हें आरक्षित कोटि के विरुद्ध नियमित रूप से नियुक्त होने वाले उम्मीदवारों से ज्यादा अंक प्राप्त हो सकते हैं । ऐसी स्थिति में नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों का तदर्थ/औपबंधिक रूप से नियुक्त करना एवं कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को नियमित रूप से नियुक्त करना न्यायोचित नहीं होगा । अतएव ऐसी परिस्थिति में अपेक्षाकृत कम अंक पाने वाले आरक्षित कोटि के उम्मीदवारों को 23 प्रतिशत तदर्थ/औपबंधिक रूप से कोटि के अंतर्गत नियुक्त किया जाय एवं अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवार को 50 प्रतिशत आरक्षित कोटि के अंतर्गत नियमित रूप से नियुक्त किया जाय । आरक्षित कोटि के अंतर्गत आने वाले समुदाय से भिन्न अन्य वर्गों के उम्मीदवारों को यह सुविधा नहीं रहेगी ।

(2) तदर्थ/औपबंधिक नियुक्ति के संबंध में जो भी नियुक्ति पत्र निर्गत होगा उसमें यह स्पष्ट अंकित होगा कि वह ऊपर कंडिका-3 में वर्णित माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या- WP (PIL) 3696/2002 रजनीश मिश्रा बनाम झारखंड सरकार एवं WP (PIL) 4706/2001 दिनेश नीरज शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इन्डिया एवं अन्य में पारित होने वाले अंतिम आदेश से प्रभावित होगा ।

(3) राज्य सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या-3465 दिनांक 3.10.2001 के द्वारा बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 को कतिपय संशोधनों के साथ अंगीकृत किया गया है । अतएव इस संकल्प द्वारा आरक्षण के संबंध में की जा रही अंतरिम व्यवस्था को छोड़कर उक्त अधिनियम के अन्य प्रावधान अप्रभावित रहेंगे और यथावत लागू रहेंगे । राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्गत संकल्प संख्या-572, दिनांक- 24.01.2002 अवक्रमित माना जायेगा ।

आदेश:- आदेश है कि सर्व साधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित किया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, बिहार/झारखंड, सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,
10-10-2002

(एस0 के0 चौधरी)
सरकार के सचिव

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001-5795/ राँची, दिनांक- 10/10/2002

प्रतिलिपि-- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, राँची को भेजें ।

10-10-2002

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001-5795/ राँची, दिनांक- 10/10/2002

प्रतिलिपि- राज्यपाल सचिवालय/मुख्य मंत्री सचिवालय/ सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/ विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें ।

10-10-2002

सरकार के सचिव ।

परिशिष्ट - 1

झारखण्ड राज्य के जिलों की रिक्तियों में सीधी नियुक्ति के लिए आरक्षण

12 दुमका	5.55	5	46.62	45	0	0	50
13 जामताड़ा	9.42	9	32.7	32	9	9	50
14 पलामू	27.41	27	8.98	8	15	15	50
15 गढ़वा	23.81	23	15.65	15	12	12	50
16 लातेहार	21.3	21	45.3	29	0	0	50
17 हजारीबाग	18.89	18	8.81	8	24	24	50
18 कोडरमा	18.89	18	8.81	8	24	24	50
19 चतरा	18.89	18	8.81	8	24	24	50
20 गिरिडीह	13.31	13	12.22	12	25	25	50
21 बोकारो	13.31	13	12.22	12	25	25	50
22 धनबाद	15.54	15	8.42	8	27	27	50

झारखण्ड राज्य के जिलों की रिक्तियों में सीधी नियुक्ति के लिए आरक्षण

क्रम सं. जिला का नाम	अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत	अनुसूचित जाति के लिए प्रस्तावित आरक्षण प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति के लिए प्रस्तावित आरक्षण प्रतिशत	[illegible] वर्ग आवंटित क्षेत्र प्रतिशत में	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए संचित आरक्षण प्रतिशत	कुल आरक्षण प्रतिशत में
1 राँची	5.57	5	43.56	43	2	2	50
2 लोहरदगा	3.78	3	56.41	47	0	0	50
3 गुमला	3.62	3	69.76	47	0	0	50
4 सिमडेगा	7.99	7	72.45	43	0	0	50
5 प० सिंहभूम	4.57	4	65.48	46	0	0	50
6 सरायकेला-खरसावां	5.87	5	38.23	38	7	7	50
7 पू० सिंहभूम	4.79	4	28.92	28	18	18	50
8 [illegible]	12.4	12	12.76	12	26	26	50
9 [illegible]	8.46	8	25.09	25	17	17	50
10 [illegible]	5.44	5	38.99	38	7	7	50
11 [illegible]	5.44	5	38.99	38	7	7	50

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषयः– सरकारी सेवाओं में प्रोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण ।

झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 की धारा-4 में राज्य स्तर पर की जाने वाली सीधी नियुक्तियों के लिए निम्नवत् आरक्षण की व्यवस्था है :–

(i) अनुसूचित जाति	-	14 प्रतिशत
(ii) अनुसूचित जनजाति	-	32 प्रतिशत
(iii) अत्यंत पिछड़ा वर्ग	-	18 प्रतिशत
(iv) पिछड़ा वर्ग	-	9 प्रतिशत
कुल	-	73 प्रतिशत

2. उपर्युक्त आरक्षण अधिनियम की धारा 4(2) के द्वितीय परन्तुक में प्रोन्नति के मामले में केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए इस धारा के अधीन यथा उपबंधित अनुपात में आरक्षण किए जाने का प्रावधान है ।

3. इस प्रावधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि सरकारी सेवाओं में प्रोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों पर निम्न अनुसार आरक्षण का उपबन्ध किया जाए : –

(i) अनुसूचित जाति	-	14 प्रतिशत
(ii) अनुसूचित जनजाति	-	32 प्रतिशत
कुल	-	46 प्रतिशत

4. उपर्युक्त अधिनियम की धारा (6) उपधारा - (1) में सरकारी सेवाओं/पदों में प्रोन्नति हेतु 50 बिन्दुओं का आदर्श रोस्टर निर्धारित करने

ना भी उपबन्ध है । अतएव 50 बिन्दुओं का आदर्श रोस्टर परिशिष्ट–1 के रूप में संकल्प के साथ संलग्न है ।

आदेश :– आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाए और इसकी प्रति महालेखाकार, झारखंड, रांची/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाए ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,

Sd/- 8-2-2002

(सुशील कुमार चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-5/आ०(रोस्टर)-03/2001का०..994../रांची, दिनांक- 8 फरवरी,2002

प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरंडा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची को भेजे ।

Sd/- 8-2-2002

(सुशील कुमार चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-5/आ०(रोस्टर)-03/2001का०..994../रांची, दिनांक- 8 फरवरी,2002

प्रतिलिपि- महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

Sd/- 8-2-2002

(सुशील कुमार चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक 5/आ०(रोस्टर)-03/2001का०....994.../रांची, दिनांक- 8 फरवरी,2002

प्रतिलिपि- महानिबंधक, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची/सचिव, विधानसभा सचिवालय/झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

8.2.2002

(सुशील कुमार चौधरी)
सरकार के सचिव ।

परिशिष्ट – "क"

सरकारी सेवाओं में नियुक्ति/प्रोन्नति द्वारा भरे जाने वाली रिक्तियों में 50 बिन्दुओं का रोस्टर

1. अनारक्षित
2. अनुसूचित जनजाति
3. अनारक्षित
4. अनुसूचित जनजाति
5. अनारक्षित
6. अनुसूचित जाति
7. अनारक्षित
8. अनुसूचित जनजाति
9. अनारक्षित
10. अनुसूचित जनजाति
11. अनारक्षित
12. अनुसूचित जाति
13. अनारक्षित
14. अनुसूचित जनजाति
15. अनारक्षित
16. अनुसूचित जनजाति
17. अनारक्षित
18. अनारक्षित
19. अनारक्षित
20. अनुसूचित जाति
21. अनारक्षित
22. अनुसूचित जनजाति
23. अनारक्षित
24. अनुसूचित जनजाति
25. अनारक्षित
26. अनुसूचित जाति
27. अनारक्षित
28. अनुसूचित जनजाति
29. अनारक्षित
30. अनुसूचित जनजाति
31. अनारक्षित
32. अनुसूचित जाति
33. अनारक्षित
34. अनुसूचित जनजाति
35. अनारक्षित
36. अनुसूचित जनजाति
37. अनारक्षित
38. अनुसूचित जाति
39. अनारक्षित
40. अनारक्षित
41. अनारक्षित
42. अनुसूचित जनजाति
43. अनारक्षित
44. अनुसूचित जनजाति
45. अनारक्षित
46. अनुसूचित जाति
47. अनारक्षित
48. अनुसूचित जनजाति
49. अनारक्षित
50. अनुसूचित जनजाति

झारखंड सरकार,

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषय:- झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 के अनुसार जिला स्तरीय पदों पर सीधी नियुक्ति में जिलावार आरक्षण ।

झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 की धारा 4 के द्वारा राज्य सरकार के द्वारा सीधी नियुक्तियों में 73 प्रतिशत रिक्तियों को आरक्षित किया गया है जो विभिन्न कोटियों के लिए निम्नरूपेण है :-

(i) अनुसूचित जाति	-	14 प्रतिशत
(ii) अनुसूचित जनजाति	-	32 प्रतिशत
(iii) अत्यंत पिछड़ा वर्ग	-	18 प्रतिशत
(iv) पिछड़ा वर्ग	-	9 प्रतिशत
	कुल-	73 प्रतिशत

2. अधिनियम की धारा 4 की उप धारा 2 के परन्तुक में विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के प्रतिशत के अनुसार सीधी नियुक्ति हेतु विभिन्न प्रतिशत निर्धारित करने का प्रावधान है ।

3. झारखंड राज्य के सभी जिलों के लिए राज्य सरकार के अधीन जिला स्तरीय नियुक्तियों में आरक्षण का प्रतिशत इस शर्त्त के साथ किया जाता है कि सम्प्रति विभिन्न वर्गों केलिए प्रस्तावित आरक्षण प्रतिशत के आधार पर जिला स्तरीय पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी और इस बीच जिलों में पिछड़े वर्गों की जनसंख्या की अद्यतन स्थिति की जानकारी हेतु सर्वे कराया जायेगा । जिलों में पिछड़े वर्गों, यथा, पिछड़े वर्ग एवं अत्यंत पिछड़े वर्ग, के लिए सर्वे से प्राप्त जनसंख्या प्रतिवेदन के आलोक में, यदि आवश्यक हुआ तो, मात्र इन वर्गों के लिए जिलावार आरक्षण की सीमा का, पुनर्निर्धारण किया जायेगा और इस पुनर्निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के अनुसार पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी । जिला स्तरीय पदों पर नियुक्ति हेतु निकाले जा रहे विज्ञापन में उपर्युक्त तथ्यों का समावेश रहना आवश्यक होगा ।

झारखंड राज्य के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी जिलों के लिए आरक्षण का प्रतिशत जनसंख्या के आधार पर परिशिष्ट-1 के रूप में संकल्प की प्रति के साथ संलग्न है ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,

(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5(आ०)जि०आ०-03/2001(पार्ट-III)-.572...दिनांक-24-01-2002

प्रतिलिपिः- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरंडा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची को भेजें ।

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5(आ०)जि०आ०-03/2001(पार्ट-III)-.572...दिनांक-24-01-2002

प्रतिलिपिः- राज्यपाल सचिवालय/मुख्य मंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें ।

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5(आ०)जि०आ०-03/2001(पार्ट-III)-572...दिनांक-24-01-2002

प्रतिलिपिः- महानिबंधक, उच्च न्यायालय, झारखंड, राँची / सचिव, विधान सभा सचिवालय, झारखंड राँची/ झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ प्रेषित ।

(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

8 अग्रहायण, 1923 शकाब्द

संख्या 296

रांची, बृहस्पतिवार 29 नवम्बर, 2001

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषय:—झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण ।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 (4) के अधीन सरकारी पदों एवं सेवाओं में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों को सम्यक् प्रतिनिधित्व उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार को शक्तियाँ प्रदत्त है। वर्ष 1990 के पूर्व केन्द्र सरकार द्वारा मात्र अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को, कमोवेश, जनसंख्या में प्रतिशत के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ दिया जाता रहा था। केन्द्र सरकार द्वारा मंडल आयोग गठित किया गया। मंडल आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह अंकित किया कि सम्पूर्ण भारत की लगभग 52 प्रतिशत जनसंख्या को सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग चिह्नित किया जा सकता है और इसलिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जनजातियों के अतिरिक्त अन्य पिछड़े वर्गों को भी सरकारी पदों एवं सेवाओं में आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। मंडल आयोग की अनुशंसा को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया और संविधान के अनुच्छेद 16 (4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा सेवाओं में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को पूर्व से दिये जा रहे क्रमशः 15 प्रतिशत एवं 7.5 प्रतिशत आरक्षण के अतिरिक्त अन्य पिछड़े वर्गों को भी 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया।

2- अविभाजित बिहार राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को सरकारी पदों एवं सेवाओं में क्रमशः 14 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाता रहा है। 1971 में तत्कालीन बिहार सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया। इस आयोग द्वारा यह अनुशंसा की गयी कि

अन्य पिछड़े वर्गों के लिए भी पदों एवं सेवाओं में आरक्षण के लिए शीघ्र कदम उठाया जाना चाहिए। आयोग की रिपोर्ट की सम्यक् जांच के उपरांत सरकार ने 1978 में यह निर्णय लिया कि चूंकि सरकारी सेवाओं एवं पदों में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है इसलिए राज्य की सभी श्रेणियों की सेवाओं में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 20 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने की व्यवस्था की जाए। लेकिन यह सुविधा उन्हीं परिवारों को मिले जिनकी वार्षिक आय आय-कर में छूट की सीमा से अधिक नहीं हो। राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि 20 प्रतिशत आरक्षित पदों में से अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए 12 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 8 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा। इसी के साथ अत्यंत पिछड़े वर्गों और अन्य पिछड़े वर्गों की सूचियां भी जारी की गयी। पुनः वर्ष 1978 में बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी। गैर-अनुसूचित जाति गैर-अनुसूचित जनजाति एवं गैर-अन्य पिछड़े वर्गों में आर्थिक, दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिए वर्ष 1978 में ही 3 प्रतिशत स्थान आरक्षित किया गया।

3- तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1992 में बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991, (बिहार अधिनियम संख्या-3, 1992) लागू किया गया। उक्त अधिनियम की धारा 4 में आरक्षण को निम्नलिखित रूप से विनियमित किया गया :-

(क) खुली गुणागुण कोटि से :-	50 प्रतिशत
(ख) आरक्षण कोटि से :-	50 प्रतिशत

आरक्षित कोटि की जो 50 प्रतिशत रिक्तियां थी उनको आरक्षित कोटि के उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों के लिए निम्नलिखित रूप से विभाजित की गयी :-

(क) अनुसूचित जाति :-	14 प्रतिशत
(ख) अनुसूचित जनजाति :-	10 प्रतिशत
(ग) अत्यंत पिछड़ा वर्ग :-	14 प्रतिशत
(घ) पिछड़ा वर्ग :	10 प्रतिशत
(च) पिछड़ा वर्ग की महिला :-	2 प्रतिशत
कुल :-	50 प्रतिशत

4- इन्दिरा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह आदेश दिया गया है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं किया जाना चाहिए और अति विशेष परिस्थिति में ही 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण दिया जा सकता है। इस संबंध में विशेष परिस्थिति की विवेचना निम्न प्रकार से की गयी है :-

"While 50% shall be the rule, it is necessary not to put out of consideration certain extra-ordinary situations inherent in the great diversity of this country and the people. It might happen that in far flung and remote areas the population inhabitating those area might, on account of their being out of the main stream of national life and in view of conditions peculiar to and characteristical to them, need to be treated in a different way, some relaxation in this strict rule may become imperative. In doing so, extreme caution is to be exercised and a special case made out."

5- बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के लागू होने के फलस्वरूप दिनांक 15 नवम्बर, 2000 को झारखण्ड राज्य सृजित हुआ और राज्य सरकार के समक्ष सरकारी पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण तय किये जाने का नीतिगत मामला आया। सम्यक् रूप से विचारोपरांत्, राज्य सरकार का यह निर्णय हुआ कि "बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991" को बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की

धारा 85 के उपबंधों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आवश्यक संशोधनों के साथ अंगीकृत किया जाए।

6- राज्य सरकार को यह जानकारी भी प्राप्त हुई है कि उड़ीसा राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को उनका सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखकर कुल 71 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। झारखण्ड राज्य में भी क्माबेश वही स्थिति है। झारखण्ड राज्य में 1991 की भारत की जनगणना के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत क्रमश: 27.67 एवं 11.85 है। भारत की जनगणना जो केन्द्र सरकार का विषय है, में अन्य पिछड़े वर्गों की जनगणना नहीं की जाती है, परन्तु तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा बिहार पंचायत (पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों एवं नागरिकों की संख्या का अभिनिश्चय एवं प्रकाशन) नियमावली, 1993 के नियम 10 के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों की जिलावार संकलित संख्या संबंधी अधिसूचना 1 सितम्बर, 1994 को जारी की गयी थी जिसके अनुसार झारखण्ड राज्य में अन्य पिछड़ी जातियों की जनसंख्या का प्रतिशत लगभग 32.25 है। अत: इस राज्य में भारत के संविधान के अनुच्छेद 16(4) में आच्छादित जातियों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का लगभग 72 प्रतिशत है।

7- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों का सरकारी सेवाओं में देय आरक्षण प्रतिशत निर्धारित करने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, श्री अर्जुन मुंडा मंत्री कल्याण, की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया गया जिसने सभी तथ्यों का सम्यक् विचारोपरान्त एक प्रतिवेदन समर्पित किया है।

8- उपरोक्त आरक्षण विषयक मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विभिन्न जातियों, अर्थात्, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों की जनसंख्या की स्थिति, उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ापन की स्थिति एवं अन्य विद्यमान कठिनाइयों, संविधान के सगत प्रावधानों और अन्य राज्यों में सेवा में आरक्षण के प्रतिशत के आंकड़ों का सम्यक् जाँच एवं विश्लेषण के उपरान्त पाया है कि नवसृजित झारखण्ड राज्य में आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत तक सीमित रखने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े उम्मीदवारों को सरकारी पदों एवं सेवाओं में सम्यक् प्रतिनिधित्व नहीं दिलाया जा सकेगा। अतएव झारखण्ड राज्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन्दिरा साहनी बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिये गये न्यायादेश के आलोक में वे विशेष परिस्थितियाँ बनती है जिनके आधार पर आरक्षण की कुल सीमा को 50 प्रतिशत से अधिक रखे जाने की आवश्यकता है और इसी के आलोक में मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने कुल आरक्षण की सीमा 71 प्रतिशत रखने की अनुशंसा की है।

9. उक्त समिति द्वारा इस निष्कर्ष पर पहुँचने के पूर्व निम्नलिखित तथ्यों की विवेचना अपने प्रतिवेदन में किया गया है :—

(क) वर्ष 1941 के बाद प्रत्येक जनगणना के अनुसार वर्तमान झारखण्ड राज्य के क्षेत्रान्तर्गत अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के प्रतिशत में उत्तरोत्तर ह्रास हुआ है। 1941 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 38.6 प्रतिशत थी, परन्तु वह क्रमश: 1951 में 36.03 प्रतिशत, 1961 में 33.93 प्रतिशत, 1971 में 32.12 प्रतिशत, 1981 में 30.26 प्रतिशत एवं अंत में 1991 में घटकर 27.67 प्रतिशत रह गई। अनुसूचित जाति की जनसंख्या जो 1971 में 9.93 प्रतिशत थी वह बढ़कर 1981 में 11.68 प्रतिशत एवं 1991 में 11.85 प्रतिशत हो गया।

(ख) संविधान के अनुच्छेद 330 के अनुसार भारत के लोकसभा एवं विधान सभाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के लिए सीटों का जो आरक्षण किया गया है उसमें 1971 की जनगणना पर आधारित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनगणना को ही मान्यता रखी गयी है।

वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर झारखण्ड राज्य के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या 32.12 प्रतिशत थी तब अनुसूचित जाति की जनसंख्या 9.93 प्रतिशत था।

(ग) भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची (अनुच्छेद 244) के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य का 50 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र घोषित है। अत: भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजातियों

को विशेष सुरक्षा प्रदान करने का मंशा स्पष्ट है और इस परिस्थिति में जब प्रत्येक जनगणना के बाद विभिन्न कारणों, यथा—जन्म दर, मृत्यु दर, इन-माइग्रेशन, आऊट माइग्रेशन से इस राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के प्रतिशत में उत्तरोत्तर ह्रास हो रहा रहा है तो उनको सर्वैधानिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष कोटि मानकर, उन्हें सेवा में अतिरिक्त आरक्षण देने का पूर्ण औचित्य बनता है।

(घ) भारतीय संविधान के प्रारम्भ से ही प्राप्त आरक्षण के लाभ के बावजूद अनुसूचित जाति एवं जनसूचित जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़पन में विशेष कमी नहीं आई है।

(च) देश के विभिन्न राज्यों में भी बिना अपवाद के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को उनके जनसंख्या के अनुपात से कम आरक्षण की सुविधा नहीं दी गयी है, यथा—आन्ध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 15.93 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 6.31 है जबकि सेवा में उन्हें क्रमशः 15 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत का लाभ दिया गया है, केरल में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 9.92 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 1.10 है जबकि दोनों ही कोटि को मिला कर सेवा में 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया है, तामिलनाडू में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 19.18 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 1.03 है जबकि सेवा में उन्हें क्रमशः 18 प्रतिशत एवं 1 प्रतिशत का लाभ दिया गया है, पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 23.62 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 5.59 है जबकि सेवा में उन्हें क्रमशः 22 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत का लाभ दिया गया है, उड़ीसा में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 16.20 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 22.21 है जबकि सेवा में उन्हें क्रमशः 16 प्रतिशत एवं 23 प्रतिशत का लाभ दिया गया है।

(छ) झारखण्ड राज्य में आरक्षण की सीमा कुल 50 प्रतिशत तक सीमित रखना इसलिए भी उचित प्रतीत नहीं होता। है क्योंकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों की जनसंख्या को मिला देने से लगभग 71 प्रतिशत हो जाता है और इन सभी वर्गों में आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ापन व्याप्त है।

(ज) सामान्य रूप से कुल आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़नी चाहिए। तामिलनाडू में विभिन्न पिछड़े वर्गों को 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देकर उसकी सीमा 69 प्रतिशत तक की हो गयी है और उसे संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है। इस पृष्ठभूमि में उप समिति ने यह भी अनुशंसा की है कि झारखण्ड राज्य में न केवल 71 प्रतिशत कुल आरक्षण दिया जाए बल्कि भारत सरकार से यह अनुरोध भी किया जाए कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण देने की जो अनुशंसा झारखण्ड राज्य में अंगीकृत होने वाले इस अधिनियम के द्वारा की जा रही है, उसको तामिलनाडू की तरह संविधान की 9वीं अनुसूची में सम्मिलित कर, भारत सरकार उसे सर्वैधानिक सुरक्षा प्रदान करे।

10. आरक्षण विषयक मंत्रिमंडलीय उपसमिति के प्रतिवेदन में निहित अनुशंसाओं पर आधारित प्रस्ताव सरकार के विचारार्थ रखा गया। सम्यक् रूप से विचारोपरांत, राज्य सरकार द्वारा बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 को आवश्यक संशोधन के साथ अंगीकृत करने का निर्णय लिया गया।

11. यह भी निर्णय लिया गया कि मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा प्रस्तावित कुल 71 प्रतिशत आरक्षण के स्थान पर राज्य के पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में कुल 73 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए जिससे कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दोनों ही कोटियों को उनकी जनसंख्या के प्रतिशत से अधिक आरक्षण का लाभ समानुपातिक रूप से प्राप्त हो सके। तदनुसार, कुल आरक्षण प्रतिशत को विभिन्न कोटियों में निम्नलिखित रूप से विनियमित करने का निर्णय लिया गया :—

(क) खुली गुणागुण कोटि से	27 प्रतिशत
(ख) आरक्षण कोटि से	73 प्रतिशत

12. आरक्षित कोटि का जो 73 प्रतिशत निर्धारित है उसको आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों की विभिन्न कोटियों के लिए निम्नलिखित रूप से विभाजित किया जाए :—

(क)	अनुसूचित जाति	14 प्रतिशत
(ख)	अनुसूचित जनजाति	32 प्रतिशत
(ग)	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	18 प्रतिशत
(घ)	पिछड़ा वर्ग	9 प्रतिशत
	कुल	73 प्रतिशत

13. उपर्युक्त प्रकार से निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के अन्तर्गत ही निम्न प्रकार से क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की जायेगी :—

(i) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए :—

(क)	अंधापन अथवा कम दृष्टि	1 प्रतिशत
(ख)	बहरापन	1 प्रतिशत
(ग)	लोकोमोटिव विकलांगता अथवा सेरिब्रल पाल्सी	1 प्रतिशत
	कुल	3 प्रतिशत

(ii) महिलाओं के लिए— 5 प्रतिशत

14. यह भी निर्णय लिया गया कि इस अंगीकृत अधिनियम को संविधान की 9वीं अनुसूची में सम्मिलित करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया जाए।

आदेश:—(1) आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 को यथा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आवश्यक संशोधनों के साथ, अंगीकृत करने संबंधी अधिसूचना निर्गत की जाए।

(2) आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाए तथा इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड एवं बिहार/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाए।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,
(एस० के० चौधरी),
सरकार के सचिव।

झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001

राज्य के अधीन पदों एव सेवाओं में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के यथोचित प्रतिनिधित्व का उपबन्ध करने के लिए अधिनियम।

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ—(1) यह अधिनियम झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 कहा जा सकेगा;

(2) यह सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में लागू होगा;

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

2. परिभाषाएं :—जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस अधिनियम में:—

(क) (i) "नियुक्ति प्राधिकारी" जहां तक तक इसका संबंध किसी स्थापना में सेवा यह पद से है, से अभिप्रेत है वैसी सेवाओं या पदों पर नियुक्त करने के लिए सशक्त प्राधिकारी;

(ii) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एव अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001;

(ख) "विहित" से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन बनी नियमावली जो राजकीय गजट में प्रकाशित हुई हो, द्वारा विहित;

(ग) "स्थापना" से अभिप्रेत है राज्य के कार्यकलाप से जुड़े लोक सेवाओं और पदों पर नियुक्तियों से संबंधित राज्य का कोई कार्यालय या विभाग और इसमें सम्मिलित हैं—

(i) तत्समय प्रवृत्त किसी राज्य अधिनियम के अधीन गठित कोई स्थानीय या वैधानिक प्राधिकार; या

(ii) बिहार सरकारी समिति अधिनियम, 1935 (बिहार अधिनियम 6, 1935) के अधीन निबंधित कोई सहकारी संस्थान जिसमें राज्य सरकार द्वारा शेयर पूंजी लगाई गई है और जो राज्य सरकार से ऋण, अनुदान तथा साहाय्यिकी आदि के रूप में सहायता प्राप्त करता है, और

(iii) विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध कॉलेज, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालय तथा ऐसे अन्य शैक्षिक संस्थान, जिन्हें राज्य सरकार ने स्वाधिकृत कर लिया या सहायता प्रदान करती है;

(iv) सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान;

(घ) "सार्वजनिक क्षेत्र की स्थापना" से अभिप्रेत है कोई उद्योग, वाणिज्य, व्यापार या पेशा जो निम्न द्वारा स्वाधिकृत, नियन्त्रित या प्रबंधित हो :—

(i) राज्य सरकार या राज्य सरकार का कोई विभाग;

(ii) कम्पनी अधिनियम, 1956 (अधिनियम-I; 1956) की धारा 617 में यथा परिभाषित सरकारी कम्पनी अथवा केन्द्र या राज्य अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित निगम जिसमें राज्य सरकार द्वारा समादत्त शेयर पूंजी के एकयावन प्रतिशत से अन्यून शेयर पूंजी लगायी गयी हो;

(ङ) "भर्ती वर्ष" से अभिप्रेत है वह पचांग वर्ष जिसमें वस्तुतः भर्ती की जाती है;

(च) "आरक्षण" से अभिप्रेत है अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए पदों एवं सेवाओं में रिक्तियों का आरक्षण;

(छ) " अनुसूचित जाति " का निर्देश भारत संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन किए गए तथा समय-समय पर यथा संशोधित संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जातियों से होगा ;

(ज) " अनुसूचित जनजाति " का निर्देश भारत-संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन बनाए तथा समय-समय पर यथा संशोधित संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में विनिर्दिष्ट जनजातियों से होगा ;

(झ) " अन्य पिछड़े वर्ग " से अभिप्रेत है—अत्यन्त पिछड़े वर्ग ;

(ञ) " अत्यन्त पिछड़े तथा पिछड़े वर्गों " से अभिप्रेत है तथा इसमें सम्मिलित हैं वे सभी वर्ग जो इस अधिनियम की अनुसूची-1 और 2 में विनिर्दिष्ट किए गए हैं ।

स्पष्टीकरण—यदि अधिनियम से उपाबद्ध अनुसूची-1 और अनुसूची-2 में प्रमाणित वर्गों में से किसी वर्ग का राष्ट्रपति के किसी आदेश के अन्तर्गत अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित किया जाता है तो ऐसे वर्ग को उक्त अनुसूची से विलोपित हुआ समझा जाएगा ।

(ट) " गुणागुण-सूची " से अभिप्रेत है अधिनियम में किए गए उपबंधों के अनुसार तैयार की गई गुणागुण-क्रम से क्रमांकित उम्मीदवारों की सूची ।

(ठ) " राज्य " में सम्मिलित है झारखण्ड राज्य की सरकार, विधान-सभा और न्यायपालिका एवं राज्य के भीतर अथवा राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी स्थानीय या अन्य प्राधिकार ।

3. प्रयोज्यता—यह अधिनियम निम्नलिखित में लागू नहीं होगा :—

(क) केन्द्र सरकार के अधीन कोई नियोजन ;

(ख) निजी क्षेत्र में कोई नियोजन ;

(ग) घरेलू सेवाओं में कोई नियोजन ;

(घ) सेवारत सरकारी सेवक की मृत्यु पर अनुकम्पा के आधार पर की गई नियुक्ति ; और

(ङ) ऐसे अन्य पद जिसे राज्य सरकार, आदेश द्वारा, समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे; परन्तु यह कि इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश किए जाने के बाद तुरन्त राज्य विधान-सभा के समक्ष, जब वह कुल चौदह दिनों के लिए सत्र में हो, रखा जाएगा जो एक ही सत्र में या दो लगातार सत्र में पड़ सकते हैं ।

4. सीधी भर्ती के लिए आरक्षण—(1) किसी स्थापना में सेवाओं और पदों की सभी नियुक्तियाँ, जो सीधी भर्ती के द्वारा भरी जाने वाली हों, निम्नलिखित रूप में विनियमित की जायेंगी, यथा :—

(क) खुला गुणागुण कोटि से		27 प्रतिशत
(ख) आरक्षित कोटि से	...	73 प्रतिशत

(2) आरक्षित कोटि का 73 प्रतिशत रिक्तियों में से आरक्षित उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों की रिक्तियां इस अधिनियम के अन्य उपबंधों के अधीन निम्नलिखित रूप में होंगी :—

(i)	अनुसूचित जाति	...	14 प्रतिशत
(ii)	अनुसूचित जनजाति	...	32 प्रतिशत
(iii)	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	...	18 प्रतिशत
(vi)	पिछड़ा वर्ग	...	9 प्रतिशत
		कुल	73 प्रतिशत

(2) (क) उप-धारा (2) के अधीन निर्धारित आरक्षण प्रतिशत में प्रत्येक कोटि के लिए निम्न प्रकार से क्षैतिज आरक्षण विनियमित होगा :--

(i) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए :—

(क)	अन्धापन अथवा कम दृष्टि	...	1 प्रतिशत
(ख)	बहरापन	..	1 प्रतिशत
(ग)	लोकोमोटिव विकलांग अथवा सेरिब्रल पाल्सी		1 प्रतिशत
		कुल	3 प्रतिशत

(ii) महिलाओं के लिए— ... 5 प्रतिशत

परन्तु, यह कि राज्य सरकार झारखण्ड राजपत्र में अधिसूचना जारी कर जिलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के प्रतिशत के अनुसार विभिन्न जिलों के लिए विभिन्न प्रतिशत नियत कर सकेगी ;

परन्तु, यह और कि प्रोन्नति के मामले में केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए इस धारा के अधीन यथा उपबंधित अनुपात में आरक्षण किया जाएगा ।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार जो अपने गुणागुण के आधार पर चुने जाते हैं, की गणना खुली गुणागुण की कोटि की 27 प्रतिशत रिक्तियों के विरुद्ध की जाएगी न कि आरक्षण कोटि रिक्तियों के विरुद्ध ।

(4) इस अधिनियम के प्रावधानों के प्रतिकूल या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि और नियमावली या न्यायालय के किसी निर्णय या डिक्री के होते हुए भी उपधारा (3) का उपबंध ऐसे मामलों में लागू होगा जिसमें चयन की सभी औपचारिकताएँ पूर्ण कर ली गई किन्तु नियुक्ति-पत्र निर्गत नहीं किए गए हैं ।

(5) इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित रिक्तियां ऐसे उम्मीदवारों से नहीं भरी जायेंगी, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के न हों ।

(6) (क) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में नियुक्ति तथा प्रोन्नति के लिए उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में तीन भर्त्ती वर्षों तक के लिए उन रिक्तियों को आरक्षित बनाए रखा जायगा और यदि तीसरे वर्ष में भी सुयोग्य उम्मीदवार नहीं उपलब्ध हों, तो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच रिक्तियों का विनिमय किया जायगा और विनिमय द्वारा तथा पूरित रिक्तियां उस विशेष समुदाय के उम्मीदवार जो वस्तुतः नियुक्त किए जाते हैं, के लिए आरक्षित समझी जाएंगी ।

(ख) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के सुयोग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में वैसी आरक्षित रिक्तियां तीन भर्त्ती वर्षों के लिए आरक्षित बनी रहेंगी और यदि तीसरे वर्ष में भी सुयोग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो रिक्तियां अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों से विनिमय द्वारा भरी जायेंगी और विनिमय द्वारा तथा पूरित रिक्तियां उस विशेष समुदाय के योग्य उम्मीदवारों, जो वस्तुतः नियुक्त किए जाते हैं, के लिए आरक्षित समझी जाएंगी ।

(ग) यदि किसी भर्त्ती वर्ष में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्यन्त पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों की संख्या, विनिमय फार्मूला के बाद भी, उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या से कम है तो शेष पूर्वागत (बैंक लॉग) रिक्तियां, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से, उन्हें अनारक्षित करके भरी जा सकेंगी, किन्तु वैसी अनारक्षित रिक्तियां तीन भर्त्ती वर्षों तक अग्रणीत रहेंगी ।

(घ) यदि आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अत्यन्त पिछड़े वर्गों के उम्मीदवार, अपेक्षित संख्या में, उपलब्ध न हो, तो केवल पिछली रिक्तियों को भरने के लिए, यथास्थिति, केवल अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अत्यन्त पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिए ही नया विज्ञापन किया जा सकेगा ।

(ङ) इस अधिनियम के प्रावधानों के प्रतिकूल या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि और नियमावली या न्यायालय के किसी निर्णय या डिक्री के होते हुए भी धारा-4 के उपबंध ऐसे सभी मामलों में लागू होगा जिनमें चयन की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है, किन्तु नियोजन पत्र निर्गत नहीं किए गए हैं ।

5. आरक्षण नीति का पुनर्विलोकन —(1) राज्य सरकार का यह कर्त्तव्य होगा कि वह धारा-4 के अधीन विभिन्न आरक्षित कोटियों के लिए नियत अनुपात में, धारा-2 के खण्ड (ग) एवं (घ) में यथा परिभाषित राज्य की सभी स्थापनाओं की विभिन्न सेवाओं या पदों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अत्यन्त पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व की प्राप्ति हेतु प्रयास करे ।

(2) राज्य सरकार प्रत्येक 10 वर्ष के बाद अपनी आरक्षण नीति का पुनर्विलोकन करेगा;

परन्तु, यह कि इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश किए जाने के बाद तुरन्त, राज्य विधान सभा के समक्ष, जब वह कुल 14 दिनों के लिए सत्र में हो, जो एक ही सत्र में या दो लगातार सत्र में पड़ सकते हैं, रखा जाएगा ।

6. आदर्श रोस्टर—(1) राज्य सरकार राज्य और जिला स्तर दोनों की रिक्तियों के लिए सीधी भर्ती के लिए 100 बिन्दुओं और प्रोन्नति के लिए 50 बिन्दुओं का आदर्श रोस्टर विहित करेगी ।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अपने नियंत्रणाधीन प्रत्येक कोटि के पदों के लिए सीधी भर्ती और प्रोन्नति हेतु विहित फारम में पृथक चालू रोस्टर रखेंगे ।

7. रियायत—किसी भी सेवा या पद पर चयन के लिए परीक्षा हेतु विहित शुल्क, यदि कोई हो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के मामले में घटाकर 1/4 कर दिया जाएगा ।

8. सम्पर्क पदाधिकारी—सरकार के हरेक विभाग में, स्थापना के प्रभारी पदाधिकारी को, जो संयुक्त सचिव की पंक्ति के नीचे का न हो, इस अधिनियम द्वारा उपबन्धित मामले के सम्बन्ध में सम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए विभागीय सचिव द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा और वह निम्नलिखित का उत्तरदायी होगा—

(क) इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना;

(ख) अधीनस्थ पदाधिकारी द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करना;

(ग) विवरणियों का समय पर उपस्थापन सुनिश्चित करना;

(घ) रोस्टरों और यथाविहित ऐसे अन्य अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण सुनिश्चित करना;

(ङ) प्रशासनिक विभाग और कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के बीच सम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्य करना;

(च) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के संगठन या किसी व्यक्ति से प्राप्त परिवादों के अन्वेषण में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग और आरक्षण आयुक्त को आवश्यक सहायता सुनिश्चित करना;

9. समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पदाधिकारियों का मनोनयन :—राज्य सरकार हरेक स्थापना/प्रोन्नति समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के एक पदाधिकारी का मनोनयन करेगी।

10. अभिलेख मांगने की शक्ति :—अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग का कोई सदस्य, जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुपालन नहीं करने से प्रतिकूलतः प्रभावित होता है, तो वह राज्य सरकार की नोटिस में उस तथ्य को ला सकेगा और उसके द्वारा आवेदन करने पर राज्य सरकार ऐसा अभिलेख मंगा सकेगी या उस पर ऐसी कार्रवाई कर सकेगी, जिसे वह उचित समझे ।

11. सद्भावनापूर्वक की गई कार्रवाई को सुरक्षा :—कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही किसी ऐसी बात के लिए, किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं चलाई जाएगी जो इस अधिनियम के अधीन सद्भावनापूर्वक की गई हो या किए जाने के लिए आशयित हो ।

12. शास्ति :—यदि कोई नियुक्ति प्राधिकारी इस अधिनियम के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन कर नियुक्ति/प्रोन्नति करता है तो वह 1000 रुपए तक के जुर्माना या तीन महीने के कारावास या दोनों से दण्डनीय होगा।

13. अभियोजन :—(1) इस अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में किसी नियुक्ति या प्रोन्नति के सम्बन्ध में जब कोई शिकायत की जाए तब यथास्थिति जिला स्तर पर जिला के समाहर्त्ता/उपायुक्त या प्रमंडलीय स्तर पर आयुक्त या राज्य स्तर पर कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग भलीभाँति जाँच के पश्चात् सरकार के अनुमोदन से नियुक्त पदाधिकारी तथा सम्बन्धित पदाधिकारी के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा कर सकेगा।

(2) वैसे मामले जिनमें नियुक्ति पदाधिकारी समाहर्त्ता/उपायुक्त हो तो प्रमंडलीय आयुक्त या प्रमंडलीय आयुक्त हो, तो कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा ऐसा मुकदमा किया जाएगा।

14. कठिनाइयों का निराकरण :—यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार ऐसी कार्रवाई कर सकेगी या ऐसे आदेश निर्गत कर सकेगी जो इस अधिनियम के प्रावधानों से असंगत न हो, जिसे वह कठिनाई दूर करने के लिए आवश्यक समझे।

(14) (अ) अधिनियम की अनुसूची-1 एवं 2 में जाति/वर्ग को जोड़ने या हटाने की शक्ति :—पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग की अनुशंसा पर राज्य सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अधिनियम से उपाबद्ध अनुसूची-1 अथवा अनुसूची-2 में किसी जाति, वर्ग को यथास्थिति जोड़ या हटा सकेगी।

15. नियम बनाने की शक्ति :—(1) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसी नियमावली निम्नलिखित सभी या किसी भी मामले में उपबन्ध कर सकेगी, यथा –

(क) किसी सेवा या पद पर सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु-सीमा;

(ख) किसी सेवा या पद पर सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम अर्हता प्रदायी अंक;

(ग) वह फारम, जिसमें प्रत्येक स्थापना, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को ऐसी स्थापना में भर्ती किए गए व्यक्तियों की संख्या से सम्बन्धित वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी;

(घ) कोई अन्य विषय जो रखा जाने वाला हो या इस अधिनियम के प्रावधानों से सम्बन्धित या उसके प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए अन्य कोई विषय।

परन्तु, यह कि इस धारा के अधीन बनाए गए किसी नियम को बनाए जाने के बाद तुरन्त राज्य विधान-सभा के समक्ष, जब वह कुल 14 दिनों के सत्र में हो, रखा जाएगा, जो एक ही सत्र में या दो क्रमागत सत्रों में पड़ सकते हैं। जिस सत्र में उसे प्रस्तुत किया जाए, उस सत्र में या उसके तुरन्त बाद वाले सत्र में सदन नियम में जो उपान्तरण करने को सहमत हो अथवा यदि इस बात पर सहमत हो कि नियम बनाया ही नहीं जाना चाहिए तो उसके बाद, वह आदेश, यथास्थिति, या तो रूपांतरित रूप में प्रभावी होगा या प्रभावी नहीं होगा, किन्तु नियम के ऐसे रूपान्तरण या बातिल होने से उस नियम के अधीन पहले किए गए किसी काम की मान्यता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा।

16. अधिनियम का अध्यारोही प्रभाव :—तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि तथा नियमों तथा न्यायालयों के किए गए किसी निर्णय या डिक्री या निर्गत किसी आदेश, अधिसूचना, परिपत्र, स्कीम, नियम या संकल्प में प्रतिकूल किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के प्रावधान प्रभावी होंगे;

परन्तु, यह कि तत्समय प्रवृत्त कोई अन्य विधि, नियम, इस अधिनियम से पूर्व बने, निर्गत या जारी कोई आदेश, अधिसूचना, परिपत्र, स्कीम या संकल्प, जहां तक वे इस अधिनियम से असंगत नहीं है, प्रभावी बने रहेंगे तथा इस अधिनियम के अधीन निर्गत या पारित समझे जायेंगे।

अनुसूची १

{कृपया देखें धारा २ (ञा)}

अत्यन्त पिछड़े वर्गों की सूची

(1) कपरिया
(2) कानू
(3) कवार
(4) कलन्दर
(5) कोछ
(6) कुर्मी (महतो) केवल छोटानागपुर डिवीजन के लिये।
(7) केवट (कउट)
(8) कादर
(9) कारा
(10) कोरक
(11) केवर्त्त
(12) कुमारभाग पहाड़िया
(13) खटवा
(14) (XXX)
(15) खतोरा
(16) खंगर
(17) खटिक
(18) खेलटा
(19) खतवे
(20) (XXX)
(21) गाड़ी (छावी)
(22) गंगाई (नग श)
(23) गगोता
(24) (XXX)
(25) गधर्व
(26) गुलगुलिया
(27) गोड़
(28) चांय
(29) चपोता
(30) चन्द्रवंशी (कहार)
(31) टिकुलहार
(32) ढेकारू
(33) तांती (ततवा)
(34) तमरिया
(35) तुरहा
(36) तियर
(37) धारु
(38) धानुक
(39) धामिन
(40) धोमर
(41) धनवार
(42) मांनिया
(43) नइया
(44) नाई
(45) नामशूद्र
(46) पाण्डी
(47) पाल (भेड़िहार गड़ेरी)
(48) प्रधान
(49) पिनगनिया
(50) पहिरा
(51) बारी
(52) बंलदार
(53) बिन्द
(54) (XXX)
(55) सेखड़ा
(56) बागदी
(57) मुड़ियार
(58) भार
(59) (XXX)
(60) भास्कर
(61) माली
(62) मांगर
(63) मदार
(64) मल्लाह (सुरहिया)
(65) मझवार
(66) मारकण्डे
(67) मोरियारी
(68) मलार (मालहोर)
(69) मौलिक
(70) राजधाबी
(71) राजभर
(72) रगवा
(73) वनपर
(74) (XXX)
(75) सोटा (सोता)
(76) (XXX)
(77) धगरिया

(78) बघारी

(79) बबदल

(80) कसाब (कसाई) मुस्लिम

(81) चाक (मुस्लिम)

(82) डफाली (मुस्लिम)

(83) धुनिया (मुस्लिम)

(84) धोबी (मुस्लिम)

(85) नट (मुस्लिम)

(86) पमरिया (मुस्लिम)

(87) भठियारा (मुस्लिम)

(88) भाट (मुस्लिम)

(89) मेहतर, लाल बेगिया, हलालखोर, भंगी (मुस्लिम)

(90) मिरियासोन (मुस्लिम)

(91) मदारा (मुस्लिम)

(92) मोरशिकार (मुस्लिम)

(93) साई (मुस्लिम)

(94) मोमिन (मुस्लिम)

(95) थमात

(96) चूड़ीहार (मुस्लिम)

(97) प्रजापति (कुम्हार)

(98) राईन या कुंजरा (मुस्लिम)

(99) सोय

नोट - उन जाति तथा वर्गों को जिन्हें मुस्लिम नहीं लिखा गया है हिंदू तथा मुसलमान दोनों जाति का समझना चाहिए जैसे- तेली में दोनों हिंदू तथा मुसलमान तेली।

अनुसूची २

[कृपया देखें धारा २ (ञ)]

पिछड़े वर्गों की सूची

(1) (XXX)

(2) कागजी

(3) कमार (लोहार और कर्मकार)

(4) कुशवाहा (कोइरी)

(5) कोस्ता

(6) गद्दी

(7) घटवार

(8) (XXX)

(9) चनउ

(10) जद्पतिया

(11) जोगी (जुगी)

(12) तमोली

(13) तेली

(14) देवहार

(15) नालबंदी (मुस्लिम)

(16) (XXX)

(17) परथा

(18) बढ़ई

(19) बढ़ई

(21) बनिया (सूढ़ी, हलवाई, रौनियार, पंसारी, मोदी, कसेरा, केसरवानी, ठठेरा, कलवार, कमलापुरी, वैश्य, सिन्दूरिया, कलाल, माहुरी वैश्य, बंगी वैश्य, गंधबनिक (...), बर्नवाल, अवध्दी वैश्य, पोद्दार, कसौधन)

(21) मुकरो (मुकेरी) मुस्लिम

(22) यादव (ग्वाला, अहिर, गोरा, घासी, मेहर)

(23) राजवंशी (रिसिया या पोलिया)

(24) रंगरेज (मुस्लिम)

(25) रौतिया

(26) (xxx)

(27) लहेड़ी

(28) शिवहरी

(29) सोनार

(30) सूत्रधार

(31) सुकियार

(32) इदरीसी या दर्जी (मुस्लिम)

(33) ईसाई धर्मावलम्बी (हरिजन)

(34) ईसाई धर्मावलम्बी (अन्य पिछड़ी जाति)

(35) कुर्मी (महतो)

(36) भाट (हिंदू)

(37) दांगी

नोट:—इन जाति तथा वर्गों को जिन्हें मुस्लिम नहीं लिखा गया है हिन्दू तथा मुसलमान दोनों जाति का समझना चाहिए जैसे तेली में दोनों हिन्दू तथा मुसलमान तेली।

अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, झारखण्ड, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
झारखण्ड गजट (असाधारण) 296—[illegible]

212

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषय :- झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 के अनुसूची- 1 तथा अनुसूची- 2 में कतिपय संशोधन ।

झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 की धारा-2 में अत्यंत पिछड़े वर्गों एवं पिछड़े वर्गों को परिभाषित किया गया है तथा इसमें सम्मिलित वर्ग को इस अधिनियम की अनुसूची- 1 एवं अनुसूची- 2 में क्रमशः विनिर्दिष्ट किया गया है ।

2. उक्त अधिनियम की धारा 14 (अ) में अनुसूची- 1 एवं अनुसूची- 2 में जाति/वर्ग को जोड़ने या हटाने की शक्ति राज्य सरकार को प्रदत्त है ।

3. उक्त अधिनियम एवं अनुसूची में कतिपय जाति/वर्ग का समावेश नहीं हो सका यद्यपि इन जाति/वर्ग को बिहार सरकार के द्वारा विभिन्न संकल्पों से समय-समय पर यथावश्यक संशोधन कर सम्मिलित किया गया था ।

अतएव निर्णय लिया गया है कि अनुसूची- 1 एवं अनुसूची-2 में निम्न रूपेण संशोधन किया जाए :-

अनुसूची- 1

(क) क्रमांक-6 पर अंकित "कुर्मी (महतो) केवल छोटानागपुर डीविजन के लिए" को विलोपित कर "कुर्मी (महतो)" अंकित किया जाए ।

(ख) क्रमांक 100 पर "ठकुराई (मुस्लिम)"
क्रमांक 101 पर "नागर"

(211)

क्रमांक 102 पर "शेरशाह वादी"
क्रमांक 103 पर "वक्खो (मुस्लिम)"
क्रमांक 104 पर "अदरखी"
क्रमांक 105 पर "छिपी"
क्रमांक 106 पर "तिली"
क्रमांक 107 पर "इदरीसी/दर्जी (मुस्लिम)"
एवं क्रमांक 108 पर "सेकलगर (सिकलगर)(मुस्लिम)" जाति जोड़ा जाए ।

अनुसूची-2

(क) क्रमांक 35 पर अंकित "कुर्मी (महतो)" विलोपित रहेगा ।

(ख) क्रमांक 20 पर अंकित "बनिया" के अंतर्गत "कलवार" के बाद "कलाल/एराकी" एवं "वियाहुत कलवार" जोड़ा जाये ।

(ग) क्रमांक 20 पर ही अंकित "बनिया" जाति के अंतर्गत "कशोधन" के बाद "गंधवनिक" जोड़ा जाये ।

(घ) क्रमांक 37 "दांगी" के बाद क्रमांक 38 पर "कुल्हैया" जाति को जोड़ा जाये ।

आदेशः- 1. आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गए निर्णय के आलोक में झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 की अनुसूची- 1 एवं अनुसूची- 2 उपरोक्त अंश तक संशोधित माना जाएगा ।

2. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखंड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाये ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,

5-11-2001

(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

(210)

ज्ञाप संख्या-5/आ०-03/2001खंड 3885/रांची, दिनांक-05 नवम्बर,2001 ई०

प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची को उपलब्ध करायें ।

5.11.2001

(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ०-03/2001खंड 3885/रांची, दिनांक-05 नवम्बर,2001 ई०

प्रतिलिपि- राज्यपाल सचिवालय/मुख्यमंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत करायें ।

5.11.2001

(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ०-03/2001खंड 3885/रांची, दिनांक-05 नवम्बर,2001 ई०

प्रतिलिपि- महानिबंधक, उच्च न्यायालय, रांची/सचिव, विधानसभा सचिवालय/झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5.11.2001

(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

1-27

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ।
अधिसूचना

रांची, दिनांक- 03 अक्टूबर,2001 ई०

संख्या-5/अ०-03/2001का० 3465/ बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (अधिनियम-XXX, 2000) की धारा 85 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार "बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991"(बिहार अधिनियम 3, 1992) को निम्न संशोधनों के साथ अंगीकृत करती है, यथा-

(1) "बिहार अधिनियम-3,1992" में जहाँ कहीं भी शब्द "बिहार" प्रयुक्त है, उसे शब्द "झारखंड" समझा जाएगा ।

(2) बिहार अधिनियम 3, 1992 की धारा-2 में -

(i) खंड (झ) में शब्द "और पिछड़े वर्ग की महिलाएं" विलोपित समझा जायेगा ।

(ii) खंड (ट) सम्पूर्ण विलोपित समझा जायेगा ।

(3) बिहार अधिनियम-3, 1992 की धारा-4 में-

(i) उप धारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया गया समझा जायेगा, यथा:-

"किसी स्थापना में सेवाओं और पदों की सभी नियुक्तियाँ, जो सीधी भर्त्ती के द्वारा भरी जायेंगी, निम्नलिखित रूप में विनियमित की जायेंगी, यथा :-

(क) खुली गुणागुंण कोटि से:-	27 प्रतिशत
(ख) आरक्षित कोटि से:-	73 प्रतिशत"

(ii) उप धारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया गया समझा जायेगा, यथा :–

"आरक्षित कोटि की 73 प्रतिशत रिक्तियों में से आरक्षित उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों की रिक्तियाँ इस अधिनियम के अन्य उपबंधों के अधीन निम्नलिखित रूप में होंगीः-

(क)	अनुसूचित जातिः-	14 प्रतिशत
(ख)	अनुसूचित जनजातिः-	32 प्रतिशत
(ग)	अत्यन्त पिछड़ा वर्गः-	18 प्रतिशत
(घ)	पिछड़ा वर्गः-	9 प्रतिशत
	कुल-	73 प्रतिशत

(iii) उप-धारा (2) और उप-धारा (3) के बीच एक नई उप-धारा अंतःस्थापित किया गया समझा जाएगा, यथा-

(2 क)- उप-धारा (2) के अधीन निर्धारित आरक्षण प्रतिशत में प्रत्येक कोटि के लिए निम्न प्रकार से क्षैतिज आरक्षण विनियमित होगा :-

(I) <u>शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए-</u>

(क)	अंधापन अथवा कम दृष्टि :-	1 प्रतिशत
(ख)	बहरापनः-	1 प्रतिशत
(ग)	लोकोमोटर विकलांगता अथवा सेरिब्रल पाल्सीः-	1 प्रतिशत
	कुलः-	3 प्रतिशत

(II) <u>महिलाओं के लिए-</u> 5 प्रतिशत

परन्तु, यह कि "दी परसन्स विथ डिजैबलिटीज (इक्वल औपरच्यूनिटीज, प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स एण्ड फुल पार्टिसिपेशन) एक्ट,

1995 (अधिनियम 1, 1996) की धारा 32 के अंतर्गत उपयुक्त पदों की पहचान राज्य सरकार द्वारा की जाएगी ।

परन्तु, यह कि राज्य सरकार झारखंड राजपत्र में अधिसूचना जारी कर जिलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के प्रतिशत के अनुसार विभिन्न जिलों के लिए विभिन्न प्रतिशत नियत कर सकेगी,

परन्तु, यह और कि प्रोन्नति के मामले में केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए इस धारा के अधीन यथा उपबंधित अनुपात में आरक्षण किया जाएगा ।"

(iv) उप धारा-(6) के खंड (ग) को विलोपित समझा जाएगा ।

(v) उप धारा-(6) के खंड (ड़) में शब्द "तथा पिछड़े वर्ग की महिलाओं" को विलोपित किया गया समझा जाएगा ।

(4) बिहार अधिनियम 3, 1992 से उपाबद्ध अनुसूची-1 में-

(i) कमांक (24) के सामने अंकित शब्द "गोड़ या गोंड़ (सारण तथा रोहतास जिले में)" विलोपित किया समझा जाएगा ।

(ii) कमांक (76) के सामने अंकित शब्द "सतरांश (नवादा जिले के लिए)" को विलोपित किया गया समझा जाएगा।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,
3.10.2001
(एस० के० चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001का0-3465/ रांची, दिनांक 03 अक्टूबर, 2001 ।

प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधरण अंक में प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची को भेजें ।

3-10-2001

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001का0-3465/ रांची, दिनांक 03 अक्टूबर, 2001 ।

प्रतिलिपि- राज्यपाल सचिवालय/मुख्य मंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/ विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस अधिसूचना से अवगत करायें ।

3-10-2001

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001का0-3465/ रांची,दिनांक 03 अक्टूबर, 2001 ।

प्रतिलिपि- महानिबन्धक उच्च न्यायालय, झारखंड,रांची/सचिव, विधान सभा सचिवालय/झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3-10-2001

(एस0 के0 चौधरी)
सरकार के सचिव

झारखंड सरकार,
कार्मिक,प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषयः- झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण ।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अधीन सरकारी पदों एवं सेवाओं में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों को सम्यक् प्रतिनिधित्व उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार को शक्तियाँ प्रदत्त है । वर्ष 1990 के पूर्व केन्द्र सरकार द्वारा मात्र अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को, कमोबेश, जनसंख्या में प्रतिशत के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ दिया जाता रहा था । केन्द्र सरकार द्वारा मंडल आयोग गठित किया यया । मंडल आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह अंकित किया कि सम्पूर्ण भारत की लगभग 52 प्रतिशत जनसंख्या को सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग चिह्नित किया जा सकता है और इसलिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के अतिरिक्त अन्य पिछड़े वर्गों को भी सरकारी पदों एवं सेवाओं में आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए । मंडल आयोग की अनुशंसा को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया और संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा सेवाओं में अनुसूचित्त जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को पूर्व से दिये जा रहे कमशः 15 प्रतिशत एवं 7.5 प्रतिशत आरक्षण के अतिरिक्त अन्य पिछड़े वर्गों को भी 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया ।

2- अविभाजित बिहार राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को सरकारी पदों एवं सेवाओं में कमशः 14 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाता रहा है । 1971 में तत्कालीन बिहार सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया ।इस आयोग द्वारा यह अनुशंसा की गयी कि अन्य पिछड़े वर्गों के लिए भी पदों एवं सेवाओं में आरक्षण के लिए शीघ्र कदम उठाया जाना चाहिए । आयोग की रिपोर्ट की सम्यक् जांच के उपरांत सरकार ने 1978 में यह निर्णय लिया कि चूँकि सरकारी सेवाओं एवं पदों में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है इसलिए राज्य की सभी श्रेणियों की सेवाओं में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 20 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने की व्यवस्था की जाए । लेकिन यह सुविधा उन्हीं परिवारों को मिले जिनकी वार्षिक आय आय-कर में छूट की सीमा से अधिक नहीं हो । राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि 20 प्रतिशत आरक्षित पदों में से अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए 12 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा और अन्य पिछड़े वर्गों के

लिए 8 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा । इसी के साथ अत्यंत पिछड़े वर्गों और अन्य पिछड़े वर्गों की सूचियाँ भी जारी की गयी । पुनः वर्ष 1978 में बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी । गैर-अनुसूचित जाति, गैर-अनुसूचित जनजाति एवं गैर-अन्य पिछड़े वर्गों में आर्थिक ,दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिए वर्ष 1978 में ही 3 प्रतिशत स्थान आरक्षित किया गया ।

3- तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1992 में बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991, (बिहार अधिनियम संख्या-3, 1992) लागू किया गया । उक्त अधिनियम की धारा 4 में आरक्षण को निम्नलिखित रूप से विनियमित किया गया :-

(क) खुली गुणागुण कोटि से :-	50 प्रतिशत
(ख) आरक्षण कोटि से :-	50 प्रतिशत

आरक्षित कोटि की जो 50 प्रतिशत रिक्तियाँ थीं उनको आरक्षित कोटि के उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों के लिए निम्नलिखित रूप से विभाजित की गयी :-

(क) अनुसूचित जाति :-	14 प्रतिशत
(ख) अनुसूचित जनजाति :-	10 प्रतिशत
(ग) अत्यंत पिछड़ा वर्ग :-	14 प्रतिशत
(घ) पिछड़ा वर्ग :-	10 प्रतिशत
(च) पिछड़ा वर्ग की महिला :-	2 प्रतिशत
कुल :-	50 प्रतिशत

4- इन्दिरा साहनी बनाम युनियन ऑफ इण्डिया में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह आदेश दिया गया है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए और अति विशेष परिस्थिति में ही 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण दिया जा सकता है । इस संबंध में विशेष परिस्थिति की विवेचना निम्न प्रकार से की गयी है:-

"While 50% shall be the rule, it is necessary not to put out of consideration certain extra-ordinary situations inherent in the great diversity of this country and the people. It might happen that in far flung and remote areas the population inhabitating those area might,on account of their being out of the main stream of national life and in view of conditions peculiar to and characteristical to them, need to be treated in a different way, some relaxation in this strict rule may become imperative. In doing so, extreme caution is to be exercised and a special case made out."

5- बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के लागू होने के फलस्वरूप दिनांक 15.11.2000 को झारखंड राज्य सृजित हुआ और राज्य सरकार के समक्ष सरकारी पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण तय किये जाने का नीतिगत मामला आया । सम्यक् रूप से विचारोपरांत, राज्य सरकार का यह निर्णय हुआ कि "बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991" को बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 85 के उपबंधों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आवश्यक संशोधनों के साथ अंगीकृत किया जाए ।

6- राज्य सरकार को यह जानकारी भी प्राप्त हुई है कि उड़ीसा राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को उनकी सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखकर कुल 71 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है । झारखंड राज्य में भी कमोबेश वही स्थिति है । झारखंड राज्य में 1991 की भारत की जनगणना के अधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत क्रमशः 27.67 एवं 11.85 है । भारत की जनगणना जो केन्द्र सरकार का विषय है, में अन्य पिछड़े वर्गों की जनगणना नहीं की जाती है, परन्तु तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा बिहार पंचायत (पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों एवं नागरिकों की संख्या का अभिनिश्चय एवं प्रकाशन) नियमावली, 1993 के नियम 10 के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों की जिलावार संकलित संख्या संबंधी अधिसूचना 1 सितम्बर, 1994 को जारी की गयी थी जिसके अनुसार झारखंड राज्य में अन्य पिछड़ी जातियों की जनसंख्या का प्रतिशत लगभग 32.25 है । अतः इस राज्य में भारत के संविधान के अनुच्छेद 16(4) में आच्छादित कोटियों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का लगभग 72 प्रतिशत है ।

7- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों को सरकारी सेवाओं में देय आरक्षण प्रतिशत निर्धारित करने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया गया । तदनुसार, श्री अर्जुन मुंडा, मंत्री कल्याण, की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया गया जिसने सभी पहलुओं की सम्यक् जांचोपरांत एक प्रतिवेदन समर्पित किया है ।

8- उपरोक्त आरक्षण विषयक मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने झारखंड राज्य के अन्तर्गत विभिन्न कोटियों, अर्थात्, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों की जनसंख्या की स्थिति, उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ापन की स्थिति एवं अन्य विद्यमान कठिनाइयों, संविधान के संगत प्रावधानों और अन्य राज्यों में सेवाओं में आरक्षण के प्रतिशत के आँकड़ों की सम्यक् जांच एवं विश्लेषण के उपरांत यह पाया है कि नवसृजित झारखंड राज्य में आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत तक ही सीमित रखने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े उम्मीदवारों को सरकारी पदों एवं सेवाओं में

सम्यक् प्रतिनिधित्व नहीं दिलाया जा सकेगा । अतएव झारखंड राज्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन्दिरा साहनी बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिये गये न्यायादेश के आलोक में वे विशेष परिस्थितियाँ बनती है जिनके आधार पर आरक्षण की कुल सीमा को 50 प्रतिशत से अधिक रखे जाने की आवश्यकता है और इसी के आलोक में मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने कुल आरक्षण की सीमा 71 प्रतिशत रखने की अनुशंसा की है ।

9- उक्त समिति द्वारा इस निष्कर्ष पर पहुँचने के पूर्व निम्नलिखित तथ्यों की विवेचना अपने प्रतिवेदन में किया गया है :-

(क) वर्ष 1941 के बाद प्रत्येक जनगणना के अनुसार वर्त्तमान झारखंड राज्य के क्षेत्रान्तर्गत अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के प्रतिशत में उत्तरोत्तर ह्रास हुआ है । 1941 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 38.6 प्रतिशत थी, परन्तु वह कमशः 1951 में 36.03 प्रतिशत, 1961 में 33.93 प्रतिशत, 1971 में 32.12 प्रतिशत, 1981 में 30.26 प्रतिशत एवं अंत में 1991 में घटकर 27.67 प्रतिशत रह गई । अनुसूचित जाति की जनसंख्या जो 1971 में 9.93 थी वह बढ़कर 1981 में 11.68 प्रतिशत एवं 1991 में 11.85 प्रतिशत हो गयी ।

(ख) संविधान के अनुच्छेद 330 के अनुसार भारत के लोकसभा एवं विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के लिए सीटों का जो आरक्षण किया गया है उसमें 1971 की जनगणना पर आधारित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनगणना की ही मान्यता रखी गयी है ।

वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर झारखंड राज्य के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या 32.12 प्रतिशत थी तब अनुसूचित जाति की जनसंख्या 9.93 प्रतिशत थी ।

(ग) भारतीय संविधान की पाँचवी अनुसूची (अनुच्छेद 244) के अन्तर्गत झारखंड राज्य का 50 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र घोषित है । अतः भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजातियों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने की मंशा स्पष्ट है और इस परिस्थिति में जब प्रत्येक जनगणना के बाद विभिन्न कारणों, यथा, - जन्म दर, मृत्यु दर, इन-माइग्रेशन, आऊट माइग्रेशन, से इस राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के प्रतिशत में उत्तरोत्तर ह्रास हो रहा है तो उनको संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष कोटि मानकर, उन्हें सेवा में अतिरिक्त आरक्षण देने का पूर्ण औचित्य बनता है ।

(घ)- भारतीय संविधान के प्रारम्भ से ही प्राप्त आरक्षण के लाभ के बावजूद अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन में विशेष कमी नहीं आई है ।

(च)- देश के विभिन्न राज्यों में भी बिना अपवाद के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को उनके जनसंख्या के अनुपात से कम आरक्षण की

सुविधा नहीं दी गयी है, यथा - आन्ध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 15.93 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 6.31 है जबकि सेवा में उन्हें कमशः 15 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत का लाभ दिया गया है, केरल में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 9.92 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 1.10 है जबकि दोनों ही कोटि को मिला कर सेवा में 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया है, तामिलनाडू में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 19.18 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 1.03 है जबकि सेवा में उन्हें कमशः 18 प्रतिशत एवं 1 प्रतिशत का लाभ दिया गया है, पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 23.62 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 5.59 है जबकि सेवा में उन्हें कमशः 22 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत का लाभ दिया गया है, उड़ीसा में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत 16.20 एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 22.21 है जबकि सेवा में उन्हें कमशः 16 प्रतिशत एवं 23 प्रतिशत का लाभ दिया गया है ।

(छ)- झारखंड राज्य में आरक्षण की सीमा कुल 50 प्रतिशत तक सीमित रखना इसलिए भी उचित प्रतीत नहीं होता है क्योंकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों की जनसंख्या को मिला देने से लगभग 71 प्रतिशत हो जाती है और इन सभी वर्गों में आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक पिछड़ापन व्याप्त है ।

(ज)- सामान्य रूप से कुल आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़नी चाहिए । तामिलनाडु में विभिन्न पिछड़े वर्गों को 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देकर उसकी सीमा 69 प्रतिशत तक की हो गयी है और उसे संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है । इस पृष्ठभूमि में उप समिति ने यह भी अनुशंसा की है कि झारखंड राज्य में न केवल 71 प्रतिशत कुल आरक्षण दिया जाए बल्कि भारत सरकार से यह अनुरोध भी किया जाए कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण देने की जो अनुशंसा झारखंड राज्य में अंगीकृत होने वाले इस अधिनियम के द्वारा की जा रही है, उसको तामिलनाडु की तरह संविधान की 9वीं अनुसूची में सम्मिलित कर, भारत सरकार उसे संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करे ।

10- आरक्षण विषयक मंत्रिमंडलीय उपसमिति के प्रतिवेदन में निहित अनुशंसाओं पर आधारित प्रस्ताव सरकार के विचारार्थ रखा गया ।सम्यक् रूप से विचारोपरांत्, राज्य सरकार द्वारा बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 को आवश्यक संशोधनों के साथ अंगीकृत करने का निर्णय लिया गया ।

11- यह भी निर्णय लिया गया कि मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा प्रस्तावित कुल 71 प्रतिशत आरक्षण के स्थान पर राज्य के पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में कुल 73 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए जिससे कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, दोनों ही, कोटियों को उनकी जनसंख्या के प्रतिशत से अधिक आरक्षण का लाभ समानुपातिक रूप से प्राप्त हो सके । तदनुसार, कुल आरक्षण प्रतिशत को विभिन्न कोटियों में निम्नलिखित रूप से विनियमित करने का निर्णय लिया गया:-

(क) खुली गुणागुण कोटि से :-	27 प्रतिशत
(ख) आरक्षण कोटि से :-	73 प्रतिशत

12- आरक्षित कोटि की जो 73 प्रतिशत रिक्तियाँ है उनको आरक्षित कोटि के उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों के लिए निम्नलिखित रूप से विभाजित किया जाए:-

(क) अनुसूचित जाति :-	14 प्रतिशत
(ख) अनुसूचित जनजाति :-	32 प्रतिशत
(ग) अत्यंत पिछड़ा वर्ग :-	18 प्रतिशत
(घ) पिछड़ा वर्ग :-	9 प्रतिशत
कुल :-	73 प्रतिशत

13- उपर्युक्त प्रकार से निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के अन्तर्गत ही निम्न प्रकार से क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की जायेगी:-

(i) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए :-	
(क) अंधापन अथवा कम दृष्टि :-	1 प्रतिशत
(ख) बहरापन:-	1 प्रतिशत
(ग) लोकोमोटिव विकलांगता अथवा सेरिब्रल पाल्सी:-	1 प्रतिशत
कुल :-	3 प्रतिशत
(ii) महिलाओं के लिए:-	5 प्रतिशत ।

14- यह भी निर्णय लिया गया कि इस अंगीकृत अधिनियम को संविधान की 9वीं अनुसूची में सम्मिलित करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया जाए ।

आदेश:- (1) आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 को यथा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आवश्यक संशोधनों के साथ, अंगीकृत करने संबंधी अधिसूचना निर्गत की जाए ।

(2) आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखंड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाए तथा इसकी प्रति महालेखाकार,झारखंड एवं

बिहार/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाए ।

झारखंड ,राज्यपाल के आदेश से,

3.10.2001

(एस0 के0 चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001का0- 3464 / रांची,दिनांक 03 अक्टूबर, 2001 ।

प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधरण अंक में प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक,प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग,झारखंड,रांची को भेजें ।

3.10.2001

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001का0- 3464/ रांची, 03 अक्टूबर, 2001 ।

प्रतिलिपि- राज्यपाल सचिवालय/मुख्य मंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें ।

3.10.2001

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001का0- 3464/ रांची,दिनांक 03 अक्टूबर, 2001 ।

प्रतिलिपि- महानिबन्धक उच्च न्यायालय, झारखंड,रांची/सचिव, विधान सभा सचिवालय/झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3.10.2001

(एस0 के0 चौधरी)
सरकार के सचिव ।

खण्ड–2

(भाग–'क')

अध्याय–2

(नियोजन एवं शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की सुविधा)

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय :– राज्य स्तरीय विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण का प्रावधान।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16(4) की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार ने सीधी नियुक्तियों में निहित आरक्षण अनुपात को सरकारी/अर्द्धसरकारी व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण प्रतिशत निर्धारित करने का निश्चय किया है ताकि समाज के कमजोर वर्गों को पर्याप्त संख्या में शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु सुविधा प्राप्त हो सके और जिसके फलस्वरूप राज्य सरकार के अंतर्गत व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश प्रशिक्षण से संबंधित नौकरियों में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व सम्भव हो सके।

2. इस सम्बन्ध में झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के द्वारा संकल्प सं0–5800, दिनांक–10.10.2002 निर्गत किया गया है, जिसके द्वारा राज्य सरकार के अधीन कार्यरत विनिर्दिष्ट व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध सीटों के विरूद्ध नामांकन में अनुसूचित जाति हेतु 10 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति हेतु 26 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग को एक समेकित कोटि मानकर) हेतु 14 प्रतिशत कुल 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

3. भारत का संविधान के 103वें संशोधन अधिनियम 2019 के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग, जो संविधान की धारा 15(4) एवं 15(5) से आच्छादित न हों, के लिए राज्य सरकार को सरकारी/अर्द्धसरकारी व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों (अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर) के नामांकन में कुल सीटों का अधिकतम 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान प्रदत्त करने की शक्ति प्रदान की गयी है, जो वर्तमान में लागू आरक्षण के अतिरिक्त होगा।

4. "आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग" से अभिप्रेत है; राज्य सरकार द्वारा पारिवारिक आय एवं आर्थिक प्रतिकूलता के अन्य संकेतकों के आधार पर समय–समय पर यथा अधिसूचित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अत्यन्त पिछड़ा

वर्ग (अनुसूची 1)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची 2) को छोडकर अन्य वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग।

5. राज्य सरकार ने संविधान के उक्त संशोधन के आलोक में राज्य स्तरीय सरकारी/अर्द्धसरकारी व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों (अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर) में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित करने का निर्णय लिया है।

6. अतएव पूर्व में निर्गत संकल्प सं0–5800, दिनांक–10.10.2002 को संशोधित करते हुए अब राज्य सरकार के अधीन कार्यरत सरकारी/अर्द्धसरकारी व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों (अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर) में उपलब्ध सीटों के विरूद्ध नामांकन निम्नलिखित रूप से विनियमित किया जा सकेगा; यथा :–

(क)	खुली गुणागुण (मेरिट) कोटि से	–	40 प्रतिशत
(ख)	आरक्षित कोटि से	–	60 प्रतिशत

(2) आरक्षित कोटि की 60 प्रतिशत में से आरक्षित उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों की रिक्तियाँ निम्न रूपेण होंगी :–

(क)	अनुसूचित जाति	–	10 प्रतिशत
(ख)	अनुसूचित जनजाति	–	26 प्रतिशत
(ग)	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची 1)	–	08 प्रतिशत
(घ)	पिछड़ा वर्ग (अनुसूची 2)	–	06 प्रतिशत
(ङ)	आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (उपर्युक्त कंडिका (क), (ख), (ग) एवं (घ) में अंकित वर्गों को छोड़कर)–		10 प्रतिशत
		कुल	60 प्रतिशत

7. **नामांकन में आरक्षण का विनियमन:–**

(1) राज्य से बाहर के अभ्यर्थियो के लिए संबंधित शैक्षणिक संस्थान द्वारा अनुमान्य आरक्षण प्रतिशत एवं उनके द्वारा समय–समय पर संशोधन आरक्षण प्रतिशत के अतिरिक्त अन्य कोई आरक्षण देय नहीं होगा।

(2) यदि नामांकन हेतु किसी आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो, तो उस वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को निम्नांकित रूप से विनियमित किया जायेगा :–

(क) यदि अनुसूचित जाति के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा और यदि अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो अनुसूचित जाति के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा।

(ख) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दोनों ही कोटि के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उन सीटों को निम्नलिखित अधिमानता क्रम से भरा जायेगा :–

(i) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों से।

(ii) पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों से।

(ग) यदि इसके बाद भी सीटें बची रह जाती हैं तो उन्हें सामान्य कोटि के उम्मीदवारों से भरा जायेगा।

(3) यदि आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो उन सीटों को सामान्य कोटि के उम्मीदवारों से भरा जायेगा।

8. आरक्षित कोटि के उम्मीदवार की गणना, जो अपने गुणागुण के आधार पर चुने जाते हैं, खुली गुणागुण कोटि की 40 प्रतिशत रिक्तियों के विरुद्ध की जायेगी, न कि आरक्षित कोटि के रिक्तियों के विरुद्ध।

9. इस सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत सभी संकल्प इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14 / आ0नी0–04–02 / 2019 का०– 1434 / रांची, दिनांक 15/2/19
प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का०– 1434 /रांची, दिनांक 15/2/19

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/निःशक्तता आयुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/निगमों/ निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का०– 1434 /रांची, दिनांक 15/2/19

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची / सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग। 7636, 12/10/18

संकल्प

विषय :— **दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत सरकारी सेवाओं में सीधी नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा का निर्धारण।**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के विभाग की अधिसूचना सं0—609, दिनांक—25.01.2016 द्वारा राज्य सरकार के अधीन दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा में कोटिवार पाँच (5) वर्षों की छूट प्रदान की गयी है। भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं0—36035/3/2004—Estt(Res), दिनांक—29.12.2005 में भी दिव्यांग जनों के लिए अधिकतम आयु सीमा में दस (10) वर्षों की छूट प्रदान की गयी थी। उक्त परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार के अधीन दिव्यांग जन के संबंध में अधिकतम आयु सीमा में दी गयी छूट में वृद्धि करने का मामला विचाराधीन था।

2. दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा में कोटिवार 10 (दस) वर्षों की छूट निम्नवत् प्रदान करती है :—

क्रम सं0	कोटि	सामान्य अधिकतम आयु सीमा	दिव्यांग जनों के लिए
1.	अनारक्षित	35 वर्ष	45 वर्ष
2.	पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	37 वर्ष	47 वर्ष
3.	महिला (अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग)	38 वर्ष	48 वर्ष
4.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)	40 वर्ष	50 वर्ष

3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में विभागीय संकल्प सं0—609, दिनांक—25.01.2016 के सुसंगत अंश इस हद तक संशोधित माना जायेगा।

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

12/10/18

(के0 के0 खण्डेलवाल)
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

F:\chandan\Adhisuchna.docx

ज्ञापाक–14/आ0नी0–04–05/2016 का०– 7636 /रांची, दिनांक 12/10/18

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–05/2016 का०– 7636 /रांची, दिनांक 12/10/18

प्रतिलिपि :– महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/निःशक्तता आयुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/राज्य के सभी लोक उपक्रमों/निगमों/ निकायों/परिषदों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–05/2016 का०– 7636 /रांची, दिनांक 12/10/18

प्रतिलिपि :– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची / सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
संकल्प

विषय :— **निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांग—जन) अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक—49) के तहत झारखण्ड सरकार के अधीन पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में एवं विनिर्दिष्ट शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन के लिए निःशक्त जनों का आरक्षण।**

निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार सुरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम—1995 (वर्ष—1996 का सख्यांक—1)(केन्द्रीय अधिनियम) की धारा 32 एवं 33 में अंकित प्रावधानों के सम्यक् कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा संकल्प सं0—5671, दिनांक—04.07.2016 निर्गत है, जिसके द्वारा निःशक्तता के विभिन्न प्रवर्गों के लिए अधोलिखित परिमाण में आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी, जिसका विनियमन क्षैतिज रूप से किया जाना था।

निःशक्तता का प्रवर्ग	आरक्षण प्रतिशत
(क) अंधापन / कम दृष्टि	— 1 प्रतिशत
(ख) बहरापन / श्रवण अशक्तता	— 1 प्रतिशत
(ग) शारीरिक अशक्तता / सेरेब्रल पाल्सी	— 1 प्रतिशत

निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांग—जन) अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक—49) पारित हो जाने के बाद दिव्यांग व्यक्तियों के नियोजन एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश सम्बन्धी आरक्षण की व्यवस्था की समीक्षा किया जाना आवश्यक हो गया है। निःशक्त (दिव्यांग—जन) व्यक्ति अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक—49) की धारा 32 एवं 33 में नियोजन तथा शैक्षणिक संस्थानो में प्रवेश से सम्बन्धित प्रावधान संक्षेप में निम्नवत है :—

I. अधिनियम की धारा 32(1) के अनुसार उच्च शिक्षा के सभी सरकारी संस्थानो एवं सरकारी सहायता प्राप्त सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों को विनिर्दिष्ट निःशक्तता (बेंच मार्क निःशक्तता, 40 प्रतिशत से कम नहीं) से ग्रसित व्यक्तियों के लिए 5 प्रतिशत सीट आरक्षित किया जाना है।

II. उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अनुसार विनिर्दिष्ट निःशक्तता (बेंच मार्क निःशक्तता, 40 प्रतिशत से कम नहीं) से ग्रसित व्यक्तियों के लिए संस्थान में प्रवेश की अधिकतम आयु में 5 वर्षों की छूट दी जानी है।

III. अधिनियम की धारा 33(i) के अनुसार सभी स्थापनाओं में विनिर्दिष्ट निःशक्तता (बेंच मार्क निःशक्तता, 40 प्रतिशत से कम नहीं) से ग्रसित व्यक्ति द्वारा भरे जाने वाले पदों की पहचान किया जाना है। अधिनियम की धारा 33(ii) पदों की पहचान के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना है और उप धारा (iii) के अनुसार इस प्रकार पहचान किये गये पदों की एक निश्चित समयावधि (3 वर्षों से अनाधिक) में समीक्षा की जानी है।

IV. कार्मिक प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं0—36035/02/2017-Estt(Res), दिनांक—15.01.2018 के आलोक में राज्य सरकार

को समाधान हो गया है कि निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांग–जन) अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक–49) के विभिन्न प्रावधान का कार्यान्वयन अब निम्न प्रकार किया जाएगा :–

1. **निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांग–जन) अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक–49) की धारा 34 के अनुसार निःशक्तता के निम्न पाँच प्रकार के हैं :–**

(क) अंधापन और कम दृष्टि

(ख) बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता

(ग) चलन निःशक्तता जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ट रोग मुक्त, बौनापन, आमलीय आक्रांत से पीड़ित, मांसपेशीय दूर्विकास (Muscular Dystrophy)

(घ) स्वलीनता (Autism), बौद्विक निःशक्तता, सीखने की विशेष अक्षमता एवं मानसिक रोगी, और, या

(ङ) बहु निःशक्तता (Multiple disablities) जो (क) से (घ) में अंकित निःशक्तता/निःशक्तताओं के मिलने से बनी स्थिति यथा अंधापन एवं बहरापन, अंधापन एवं बहरापन के साथ–साथ चलन निःशक्तता।

2. **प्रभाव एवं विस्तार :–**

दिव्यांग जन आरक्षण की निम्न व्यवस्था संकल्प के जारी होने की तिथि से लागू समझी जाएगी।

3. आरक्षण की मात्रा :–

(क) शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए :–

निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांग–जन) अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक–49) की धारा 32(1) के तहत उच्च शिक्षा के सभी सरकारी संस्थानो एवं सरकारी सहायता प्राप्त सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों द्वारा संचालित पाठ्यचर्या में दिव्यांग–जनों के लिए निम्न प्रकार 5 प्रतिशत सीट आरक्षित किया जायेगा :–

	निःशक्तता का प्रवर्ग	आरक्षण प्रतिशत
(क)	अंधापन और कम दृष्टि	1
(ख)	बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता	1
(ग)	चलन निःशक्तता जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ट रोग मुक्त, बौनापन, आमलीय आक्रांत से पीड़ित, मांसपेशीय दूर्विकास (Muscular Dystrophy)	1
(घ)	स्वलीनता (Autism), बौद्विक निःशक्तता, सीखने की विशेष अक्षमता एवं मानसिक रोगी	1
(ड़)	बहु निःशक्तता (Multiple disablities) जो (क) से (घ) के बीच में निःशक्तता के विभिन्न से स्थितियों के मिलने से हो, यह स्थिति अंधापन एवं बहरापन के मिलने से आ सकता है	1

उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अनुसार विनिर्दिष्ट निःशक्तता (बेंच मार्क निःशक्तता, 40 प्रतिशत से कम नहीं) से ग्रसित व्यक्तियों के लिए संस्थान में प्रवेश की अधिकतम आयु में 5 वर्षों की छूट दिये जाने की व्यवस्था की जानी है।

(ख) सरकारी सेवाओं के नियोजन के मामले में :–

निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांगजन) अधिकार अधिनियम, 2016 (वर्ष 2016 का संख्यांक–49) की धारा–34(i) के तहत राज्य की सभी स्थापनाओं में नियुक्ति के मामले में संवर्ग बल के अधीन रिक्त पदों की कुल संख्या का 4 प्रतिशत पद दिव्यांग–जनों के लिए निम्नांकित रूप में आरक्षित किया जायेगा :–

	निःशक्तता का प्रवर्ग	आरक्षण प्रतिशत
(क)	अंधापन और कम दृष्टि	1
(ख)	बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता	1
(ग)	चलन निःशक्तता जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ट रोग मुक्त, बौनापन, आमलीय आक्रांत से पीड़ित, मांसपेशीय दूर्विकास (Muscular dystrophy)	1
(घ)	स्वलीनता (Autism), बौद्धिक निःशक्तता, सीखने की विशेष अक्षमता एवं मानसिक रोगी , और, या	1
(ड़)	बहु निःशक्तता (Multiple disablities) जो (क) से (घ) के बीच में निःशक्तता के विभिन्न से स्थितियों के मिलने से हो, यह स्थिति अंधापन एवं बहरापन के मिलने से आ सकता है	

4. दिव्यांगता प्रमाण पत्र :–

निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांग जन) अधिकार अधिनियम–2016 के अधीन आरक्षण का दावा सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र समर्पित करने पर उपलब्ध होगा। आरक्षित सीट के विरूद्ध चयनित होने पर सक्षम प्राधिकार द्वारा विहित रीति से सत्यापन/पुनर्सत्यापन कराया जा सकता है।

5. शिक्षण संस्थानों में नामांकन या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या का परिकलन :–

5.(क) शिक्षण संस्थानों में नामांकन :– प्रत्येक संस्थान में विषयवार नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर दिव्यांगता से ग्रसित छात्रों के लिए उपर्युक्त कंडिका 3(क) के अनुसार आरक्षण उपलब्ध होगा।

यदि कोई संस्थान, किसी विषय में सभी प्रकार की निःशक्तता या दिव्यांगता या किसी विशेष प्रकार की निःशक्तता या दिव्यांगता से ग्रसित छात्रों का नामांकन, शिक्षा के योग्य नहीं पाये तो वह संस्थान, दिव्यांग आरक्षण से मुक्त रखने के लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को पूर्ण औचित्य के साथ प्रस्ताव भेजेगा, जो राज्य निःशक्तता आयुक्त से समुचित परामर्श प्राप्त कर समुचित निर्णय अधिसूचित करेगा।

5.(ख)(i) ग्रुप 'ग' (Group C) के पदों के लिए किसी भी स्थापना के सम्पूर्ण संवर्ग बल को आधार बनाकर बेंचमार्क दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों की संख्या परिकलित की

जाएगी, जबकि नियुक्ति उन्हीं पदों के विरूद्ध होगी जो दिव्यांग व्यक्ति के नियुक्ति के योग्य पाये जाएं, जिसकी पहचान विभाग द्वारा की गयी हो।

तात्पर्य यह है कि दिव्यांग जनों के लिए आरक्षित पदों की संख्या नियोजन के लिए विज्ञापित कुल रिक्ति के अनुसार होगी, जबकि नियुक्ति केवल उन्हीं पदों के विरूद्ध होगी, जो पद बेंचमार्क दिव्यांगता ग्रसित व्यक्तियों के नियुक्ति के योग्य पहचाने गये हों। इस प्रकार यह संभव है कि चूँकि बेंचमार्क निःशक्तता से ग्रसित व्यक्ति के लिए अचिन्हित/चिन्हित पदों की कुल रिक्त पदों के आधार पर आरक्षण निर्धारित की जाएगी, और नियुक्ति सिर्फ बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्तियों के लिए चिन्हित पदों के विरूद्ध ही किया जा सकेगा, इसलिए निःशक्तता ग्रस्त व्यक्तियों के लिए चिन्हित पदों की रिक्तियों में आरक्षण की मात्रा उपर्युक्त कंडिका 3(ख) में यथानिर्धारित 4 प्रतिशत से अधिक भी हो सकती है।

5.(ख)(ii) ग्रुप 'क' एवं ग्रुप 'ख' के मामले में बेंचमार्क निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण सीधी भर्ती के लिए संवर्गवार उपलब्ध रिक्ति के आधार पर निर्धारित होगा।

सीधी भर्ती के लिए उपलब्ध रिक्ति निःशक्तों के लिए चिन्हित या गैर चिन्हित पदों की कुल संख्या के आधार पर तय होगी।

यदि कोई विभाग, किसी संवर्ग विशेष के पदों या उसके किसी भाग को निःशक्तता ग्रस्त व्यक्तियों के नियोजन के लिए उपयुक्त नहीं पाये तो संबंधित विभाग, पूर्ण औचित्य के साथ महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को सम्पूर्ण संवर्ग/संवर्ग के किसी भाग को दिव्यांग आरक्षण के प्रभाव से मुक्त रखने का प्रस्ताव प्रेषित करेगा। प्रस्ताव प्राप्त होने पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग निःशक्तता आयुक्त से समुचित परामर्श कर समुचित निर्णय अधिसूचित करेगा।

6. <u>आरक्षण रोस्टर का गठन एवं रोस्टर का संधारण</u> :–

6.1 प्रत्येक स्थापना/नियुक्ति प्राधिकार अपने नियंत्रणाधीन संवर्ग के कुल स्वीकृत बल के आधार पर दिव्यांग–जनों के अनुमान्य आरक्षण का निर्धारण 1–100 बिन्दुओं के चक्र में करेंगे। 100 बिन्दुओं के प्रत्येक चक्र में चार ब्लॉक निम्न रूप में रहेंगे :–

ब्लॉक	बिन्दु से बिन्दु तक	निःशक्तता के अनुमान्य प्रवर्ग
1.	1–25	अंधापन या कम दृष्टि/प्रवर्ग–क
2.	26–50	बहरापन या श्रवण निःशक्तता/प्रवर्ग–ख
3.	51–75	चलन निःशक्तता/प्रवर्ग–ग
4.	76–100	स्वलीनता एवं बहु निःशक्तता/प्रवर्ग घ और ङ

6.2 100 बिन्दुओं का चक्र पूरा होने के बाद, सौ बिन्दुओं का अगला चक्र आरम्भ होगा। आरक्षण रोस्टर का प्रपत्र संलग्न है।

6.3 दिव्यांग आरक्षण रोस्टर की बिन्दु सं0 1, 26, 51 एवं 76 क्रमशः उपर्युक्त कंडिका 6.1 के विभिन्न प्रवर्गों के लिए निश्चित (Earmarked) रहेंगे। प्रत्येक स्थापना के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि क्रमांक 1, 26, 51 एवं 76वां पद संबंधित प्रवर्ग के लिए आरक्षित हों।

6.4 सभी रिक्ति, रोस्टर रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा, चाहे वह बेंचमार्क निःशक्तता के लिए आरक्षित हो या नहीं।

6.5 यदि रोस्टर रजिस्टर का बिन्दु क्रमांक 1, 26, 51 एवं 76 बेंचमार्क निःशक्त व्यक्ति से नहीं भरे जा सके तो बिन्दु 2 से 25, 27 से 50, 52 से 75 एवं 77 से 100 के बीच किसी भी बिन्दु पर चयनित बेंचमार्क निःशक्त व्यक्ति को सांमजित किया जाएगा। अर्थात प्रथम सुयोग्य रिक्त पद पर विभिन्न प्रवर्गों के व्यक्ति को रखा जाएगा।

6.6 यह संभावित है कि रोस्टर बिन्दु 1 से 25 पद सुयोग्य बेंचमार्क निःशक्त व्यक्ति से भरी न जा सके, तो 26 से 50 के लिए या क्रमशः शेष 51 से 75 या 76 से 100 में से भरी जाएगी। अर्थात रिक्तियाँ अगली ब्लॉक के लिए अग्रणित किए जा सकते हैं।

6.7 स्थापना के विभागाध्यक्ष रिक्त पदों की प्रकृति के अनुसार विशिष्ट बेंचमार्क निःशक्त के प्रतिनिधित्व के आधार पर रोस्टर बिन्दुओं में सामंजन करेंगे।

6.8 स्थापना के प्रभारी, रोस्टर क्लियरेंस की संचिका में दिव्यांग जन आरक्षण रोस्टर, विहित प्रपत्र में विहित रीति से तैयार कर क्लियरेंस हेतु प्रस्तुत करेंगे।

7. **सीधी भर्ती में दिव्यांग जन आरक्षण की अदला–बदली एवं आरक्षण का अग्रणयनः–**

7.1 बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति की नियुक्ति यदि सुयोग्य उम्मीदवार के अभाव में किसी नियुक्ति वर्ष में नहीं की जा सके, तो, बाद के नियुक्ति वर्ष में आरक्षण का अग्रणयन किया जाएगा। यदि अगले नियुक्ति वर्ष में सुयोग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो, तो, पहले बेंचमार्क निःशक्तता के विभिन्न चार प्रवर्गों के बीच आरक्षण का अदला–बदली किया जाएगा।

7.2 नियुक्ति वर्ष के अगले नियुक्ति वर्ष में यदि सुयोग्य बेंचमार्क निःशक्तता व्यक्ति उपलब्ध नहीं हो, तो, विभागाध्यक्ष के अनुरोध पर निःशक्तता से भिन्न व्यक्तियों से आरक्षित पद भरे जा सकते हैं।

7.3 रिक्तियों की अदला–बदली के प्रस्ताव में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

7.4 यदि बेंचमार्क निःशक्तता के लिए आरक्षित पद नियुक्ति वर्ष या अगली नियुक्ति वर्ष में नहीं भरे जा सके तो, ऐसे रिक्ति अगली चक्र के लिए बैकलॉग रिक्ति के रूप में अग्रणीत किए जा सकेंगे।

7.5 अगली नियुक्ति वर्ष में बैकलॉग आरक्षित रिक्ति, बेंचमार्क निःशक्तता के संबंधित प्रवर्ग के लिए आरक्षित समझे जायेंगे।

बैकलॉग आरक्षित रिक्ति अगली दो नियुक्ति वर्ष तक अग्रणीत होते रहेंगे। इसके बावजूद अगर सुयोग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो, तो, बेंचमार्क निःशक्त व्यक्ति के लिए आरक्षित रिक्ति व्ययगत (Lapse) माना जाएगा।

7.6 सरकारी स्थापना, रिक्तियों की अदला–बदली तभी कर सकेंगे, जब प्रस्तावित नियुक्ति की प्रक्रिया समाप्त हो गयी हो।

7.7 बैकलॉग रिक्तियों में, जो पहले उत्पन्न हुई है, उसे पहले भरी जाएगी। बाद के बैकलॉग रिक्ति उसके बाद भरी जाएगी।

8. <u>बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्तियों के लिए क्षैतिज आरक्षण</u> :–

8.1 बेंचमार्क निःशक्तता आरक्षण क्षैतिज रूप से आरक्षण रोस्टर में सामंजित होती है। पिछड़ापन के आधार पर दिया जाने वाला आरक्षण वर्गवार होता है यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–1 एवं पिछड़ा वर्ग–2। इसे उदग्र आरक्षण भी कहा जाता है। किन्तु बेंचमार्क निःशक्तता समाज के सभी वर्गों में व्याप्त हो सकता है यथा अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–1 एवं पिछड़ा वर्ग–2, इसलिए चयनित बेंचमार्क निःशक्त जन जिस वर्ग से आते हों, उन्हें उसी वर्ग में रखा जाना है।

यदि किसी पद विशेष के लिए 25 रिक्ति विज्ञापित हो, तो पिछड़ापन के आधार पर रिक्ति की अनुमान्यता निम्न प्रकार होगी :–

रिक्ति	अना0	अ0ज0जा0	अ0जा0	अ0पि0व0	पि0व0
25	13	06	03	02	01

निःशक्त जन अनुमान्य आरक्षण की रिक्ति–01(प्रवर्ग–अंधापन / कम दृष्टि)

तो आरक्षण का समायोजन निम्न प्रकार होगा–

(i) यदि बेंचमार्क निःशक्त (अंधापन / कम दृष्टि) का कोई उम्मीदवार सामान्य मेधा सूची में चयनित हो, तो उसे मेधा द्वारा चयनित माना जाएगा।

अंधापन या कम दृष्टि के लिए आरक्षित रिक्ति, सामान्य मेधा सूची के कट–ऑफ से नीचे मार्क्स वाले अंधापन / कम दृष्टि के लिए बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति का चयन किया जाएगा।

(ii) यदि चयनित व्यक्ति अनारक्षित वर्ग से हो, तो सामान्य मेधा सूची में अंतिम एक व्यक्ति को हटाकर निःशक्त व्यक्ति को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(iii) यदि चयनित व्यक्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग या पिछड़ा वर्ग का हो, तो संबंधित वर्ग के मेधा सूची में अंतिम व्यक्ति को निःशक्त व्यक्ति से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(iv) अगर चयनित व्यक्ति, जिस वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग) का हो, और उसके लिए रिक्ति उपलब्ध नहीं हो, तो संबंधित वर्ग में प्रथम रिक्ति उपलब्ध होने पर सामंजित किया जाएगा।

9. <u>आरक्षण के लिए निःशक्तता की मात्रा</u> :– केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं / पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो, कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता से ग्रस्त हो जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहता हो उसे, अनुबंध–1 में दिए गए प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया निःशक्तता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10. <u>निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी</u> :– अधिनियम–2016 की धारा 57 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी से प्राप्त निःशक्तता प्रमाण पत्र के आधार पर ही आरक्षण की सुविधा अनुमान्य होगी।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग उक्त अधिनियम की सुसंगत धारा (धारा 57) के अन्तर्गत क्षेत्रवार प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकृत पदाधिकारी की

सूची जारी करेगा जो आम लोगों के जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट पर प्रमुखता से प्रदर्शित रहेगा।

11. **<u>आयु सीमा में छूट</u>** :– विभिन्न प्रकार के निःशक्तता से ग्रसित व्यक्तियों के नामांकन में आयु सीमा में छूट का निर्धारण उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा किया जायेगा, जबकि सेवा में प्रवेश की आयु में छूट का निर्धारण कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा किया जायेगा।

12. **परीक्षा शुल्क एवं आवेदन शुल्क में छूट** :– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग दिव्यांग–जनों के लिए यथा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं आवेदन शुल्क में छूट देने का उपबंध कर सकती है।

13. **<u>रिक्तियों का संसूचन</u>**:– दिव्यांग–जनों का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक नियुक्ति पदाधिकारी को निम्नलिखित बातों का विशेष ख्याल रखना होगा :–

    (क) रिक्ति के संसूचन में कुल स्वीकृत बल, कुल रिक्तियाँ, उदग्र आरक्षण यथा अनारक्षित (गैर आरक्षित), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–। एवं पिछड़ा वर्ग–।। की कोटिवार रिक्तियों के अतिरिक्त दिव्यांग–जनों के लिए रिक्त पदों पर आधारित अनुमान्य आरक्षण भी संसूचित किया करेंगे।

    (ख) रिक्त पद के लिए निःशक्तता के विभिन्न प्रवर्गों की उपयुक्तता को स्पष्ट किया जाना चाहिए अर्थात यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन पदों के विरूद्ध किसी खास प्रवर्ग/विनिर्दिष्ट प्रवर्ग या सभी प्रवर्गों के लिए आरक्षण अनुमान्य है अथवा नहीं।

    (ग) निःशक्तता के लिए न्यूनतम शारीरिक क्षमता का भी स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

    (घ) यह भी उल्लेख रहना चाहिए कि विनिर्दिष्ट निःशक्तता (बेंच मार्क निःशक्तता, 40 प्रतिशत से कम नहीं) से ग्रसित व्यक्तियों को दिव्यांग–जन आरक्षण की सुविधा अनुमान्य नहीं होगी।

14. दिव्यांग–जन आरक्षण के लिए संवर्ग के नियुक्ति प्राधिकार, नोडल पदाधिकारी रहेंगे।

15. दिव्यांग–जन आरक्षण के लिए उपर्युक्त प्रावधानों के अनुपालन के लिए नोडल पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे। कार्यान्वयन में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए नियुक्ति प्राधिकार/नोडल पदाधिकारी अधिनियम की धारा–89 के तहत आर्थिक दण्ड के भागी होंगे।

16. जो व्यक्ति धोखाधड़ी से बैंच मार्क निःशक्त को उपलब्ध लाभों को पाने का प्रयास करेगें उनके विरूद्ध अधिनियम की धारा 91 के अन्तर्गत कार्रवाई की जा सकेगी।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

02/04/18

(एरा0 के0 जी0 रहाटे)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–05/2016 का0 2249 /राँची, दिनांक 3.4.18

प्रतिलिपि–नोडल पदाधिकारी, ई–गजट कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

Mahato 02/04/18

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–05/2016 का0 2249 /राँची, दिनांक 3.4.18

प्रतिलिपि–महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची/झारखण्ड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद, रांची/सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, रांची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, रांची/सचिव,झारखण्ड विधानसभा/सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रत्येक विभाग/विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि उनके अधीनस्थ सभी स्थानीय निकायों/निगमों/लोक सेवा उपक्रमों/पर्षदों को अविलम्ब सूचना करा दें।

Mahato 02/04/18

सरकार के प्रधान सचिव।

अनुबन्ध– 1

87

पत्रांक : 14/आ0नी0 04–05/2015 का0.........1182

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

ए0 के0 सत्यजीत,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड,
राँची, झारखण्ड।

राँची, दिनांक........13.12.18.

विषय :– झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिविजन) के 75 पदों पर नियुक्ति हेतु महिलाओं को क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत कोटिवार आरक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–839, दिनांक–06.04.2017 में अपेक्षित परामर्श के बिन्दू पर विद्वान महाधिवक्ता द्वारा निम्नवत परामर्श दिया गया है–

"The reservation policy of the State of Jharkhand for Horizontal reservation for every category in the reservation percentage final under Sub Section (2) Section 4 of the said Act, 2001.

Since as per the aforesaid reservation policy of the State there is no Horizontal reservation to the female of unreserved category is available, female of reserved category would mean and include only the resident of the State because the resident of State are only given the benefits of social reservation.

Further opinion has been sought for concerning applicability of the upper age limit of 38 years prescribed for Women (Female) of Unreserved/BC/OBC (by the Govt resolution dated 25.04.2011, as reviewed by the Govt resolution dated 25.01.2016) to the Women (Female) of other State.

Though the reasons for fixing said relevant upper age limit is the prevalent unemployment in the State in absence of any stipulation in the concerned Govt resolution dated 25.04.2011 Govt

resolution dated 25.01.2016 that the said relevant upper age limit is for Women (female) of the State, the said upper age limit would also be applicable for Woman (female) of other State."

अनुरोध है कि उक्त परामर्श के आलोक में महिलाओं हेतु क्षैतिज आरक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन

(ए० के० सत्यजीत)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0 04–05/2015 का०...1182.../ राँची, दिनांक–...13.12.18

प्रतिलिपि–सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

E:\chandan\letter 2018.docx

5671
04/07/16

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
संकल्प

विषय :- निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार सुरक्षण एवं पूर्णभागीदारी) अधिनियम-1995के तहत झारखण्ड सरकार के अधीन पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में निःशक्त जनों के लिए आरक्षण।

निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार सुरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम-1995 (वर्ष-1996-1)(केन्द्रीय अधिनियम) की विभिन्न धाराओं में किए गये प्रावधानों के सम्यक् कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पत्र/संकल्प निर्गत कर आवश्यक अनुदेश सभी विभागों को दिया गया है। यथा पत्रांक-251, दिनांक-15.10.2000, पत्रांक-2289 दिनांक-18.07.2005, संकल्प सं0-7281, दिनांक-07.11.2007 एवं पत्रांक-609, दिनांक-25.01.2016। उक्त अनुदेश मूलतः कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या-36035/3/2004 (इस्ट रेस) दिनांक-29.12.2005 पर आधारित है।

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय द्वारा दिनांक-29.12.2005 के बाद समय-समय पर निर्गत कार्यालय ज्ञापन, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील सं0- 9096/2013, (2013) 10 सुप्रीम कोर्ट केस-772 में दिनांक-08.10.2013 को पारित आदेश तथा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा वाद सं0-डब्लू0पी0(पी0आई0एल0)-7525/2013-अरूण कुमार सिंह बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक-09.03.2016 को पारित आदेश के आलोक में राज्य में निःशक्त जनों को उक्त अधिनियम-1995 के अन्तर्गत आरक्षण से सम्बन्धित विषय में स्पष्ट अनुदेश निर्गत करने की आवश्यकता थी।

राज्य सरकार को विधि विभाग से परामर्श कर यह समाधान हो गया है कि निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार सुरक्षण एवं पूर्णभागीदारी) अधिनियम-1995 के विभिन्न प्रावधानका कार्यान्वयन अब निम्न प्रकार किया जाएगा :-

1. (क) निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार सुरक्षण एवं पूर्णभागीदारी) अधिनियम-1995 की धारा 33 के अन्तर्गत राज्य सरकार के सभी

विभागों/कार्यालयों/लोक उपक्रमों/निगमों/निकायों/बोर्डो के विभिन्न प्रकार के पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में तथा राज्य सम्पोषित सभी शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में कुल-03 प्रतिशत पद निःशक्त जनों के लिए आरक्षित होगा।

(ख) यह आरक्षण क्षैतिज रूप से विनियमित होगा अर्थात् चयनित निःशक्त जन अगर अनारक्षित वर्ग का होगा तो आवश्यक सामंजन के पश्चात् उसे अनारक्षित वर्ग के रूप में तथा अगर किसी आरक्षित वर्ग का होगा तो आवश्यक सामंजन के पश्चात् उसे सम्बद्ध आरक्षित वर्ग के रूप में विनियमित किया जाएगा।

(ग) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्र सं0-12165, दिनांक-31.10.2012 के आलोक में निज-मेधा (own merit) के आधार पर चयनित निःशक्त जनों की गणना, गैर-आरक्षित वर्ग में की जायेगी तथा निःशक्त जनों के लिए आरक्षित पद/सीट के विरूद्ध चयन अलग से किया जाएगा।

(घ) निःशक्त जनों के निम्न तीन प्रवर्गों के लिए रिक्त पद/उपलब्ध सीट का एक-एक प्रतिशत आरक्षित रहेगा।

(क) अंधापन या कम दृष्टि,

(ख) श्रवण अशक्तता

(ग) चलन अशक्तता या सेरेब्रल पाल्सी।

2. (क) उपर्युक्त कंडिका 1(क) के अधीन किसी स्थापना का कोई पद/शैक्षणिक संस्थानों की कोई पाठ्य चर्चा यदि निःशक्त जनों के किसी खास प्रवर्ग या सभी प्रवर्गों के लिए उपयुक्त नहीं माना जाय तो वैसे पदों के सम्पूर्ण कोटि के लिए अनुमान्य निःशक्त जन आरक्षण की प्रतिपूर्ति उन पदों में की जाय जिन पदों के लिए सम्बन्धित निःशक्त जन उपयुक्त समझा जाय।

जिन पदो/पाठ्यचर्चा के लिए निःशक्त जन उपयुक्त नहीं पाये जायँ, उन्हें निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार सुरक्षण एवं पूर्णभागीदारी) अधिनियम-1995 के दायरे से मुक्त रखने के लिए सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकार द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष एक प्रस्ताव लाया

जायेगा और समिति की अनुशंसा प्राप्त कर उसे राजपत्र/वेबसाईट पर अधिसूचना के माध्यम से आम लोगों को संसूचित किया जायेगा। उक्त प्रस्ताव के साथजिन पदों/पाठ्यक्रमों के द्वारा निःशक्त जन आरक्षण की प्रतिपूर्ति का प्रस्ताव भी रहेगा, जिसे अनुमोदित होने पर अधिसूचना के माध्यम से आम लोगों को सूचित भी किया जायेगा।

(ख) समिति का गठन :-

(I) मुख्य सचिव - अध्यक्ष

(II) सचिव,का0प्र0सु0तथा राजभाषा - सदस्य

(III) सचिव, कल्याण - सदस्य

(IV) निःशक्तता आयुक्त - सदस्य

(V) निदेशक स्वास्थ्य सेवा - सदस्य

(VI) सम्बन्धित सचिव/विभागाध्यक्ष - सदस्य सचिव

3. पदों/पाठ्यक्रमों की पहचान :- सभी विभाग/सभी नियुक्ति प्राधिकारी/शैक्षणिक संस्थानों के प्रधान वैसे पदों/पाठ्यक्रमों की घोषणा करेगा जिनमें निःशक्त जनों को आरक्षण अनुमान्य है। उसी प्रकार सभी विभाग/सभी नियुक्ति प्राधिकारी/शैक्षणिक संस्थाओं के प्रधान उन पदो/पाठ्यक्रमों की सूची घोषित करेंगे, जिनमें निःशक्त जनों के किसी खास वर्ग अथवा सभी वर्गों के लिए आरक्षण देय नहीं है।

4. आरक्षण का निर्धारण

(क) उपर्युक्त कंडिका 1(क) एवं 3 के आलोक में निःशक्त जनों के लिए अनुमान्य आरक्षण का परिकलन कुल संवर्ग बल के आधार पर की जायेगी जबकि इसका कार्यान्वयन विज्ञापित रिक्तियों के अनुसार होगी। अर्थात् यदि कुल संवर्ग बल 200 है, तो निःशक्त जनों के तीनों प्रवर्गों के लिए आरक्षण क्रमशः 2, 2 एवं 2 पद होगा, किन्तु विज्ञापित किये जाने वाले पदों की संख्या यदि 33 या 33से कम हों, तो केवल 01 पद निःशक्त जनों के लिए आरक्षित होगा और

वह पद निःशक्त जन के उस प्रवर्ग को उपलब्ध होगा, जिसका प्रतिनिधित्व उस संवर्ग में सबसे कम/या नहीं हो।

(ख) आरक्षण रोस्टर का गठन एवं रोस्टर का संधारण– प्रत्येक स्थापना/नियुक्ति प्राधिकार अपने नियंत्रणाधीन संवर्ग के कुल स्वीकृत बल के आधार पर निःशक्त जनों के अनुमान्य आरक्षण का निर्धारण 1–100 बिन्दुओं के चक्र में करेंगे। 100 बिन्दुओं के प्रत्येक चक्र में तीन ब्लॉक में निम्न रूप में रहेंगे :–

ब्लॉक	बिन्दु से बिन्दु तक	निःशक्तता के अनुमान्य प्रवर्ग
1.	1–33	अंधापन/कम दृष्टि
2.	34–67	श्रवण अशक्तता
3.	68–100	चलन अशक्तता/सेरेब्रल पाल्सी

(ग) 100 बिन्दुओं का चक्र पूरा होने के बाद, सौ बिन्दुओं का अगला चक्र आरम्भ होगा। आरक्षण रोस्टर का प्रपत्र संलग्न है।

(घ) यदि किसी वर्ष रिक्तियाँ इतनी ही हो कि केवल एक या दो ब्लॉक ही आच्छादित होता हो, तो किसी ब्लॉक में निःशक्तता के लिए आरक्षण किस प्रवर्ग उपलब्ध होगा, इसका निर्धारण किसी संवर्ग में अनुमान्य आरक्षण एवं निःशक्त जनों की उपलब्धता के आधार पर विभागाध्यक्ष द्वारा किया जा सकता है।

(ड.) झारखण्ड राज्य के गठन की तिथि अर्थात 15.11.2000 से प्रत्येक स्थापना में की गई नियुक्ति (समूह क, समूह ख, समूह ग, समूह घ) के लिए नियुक्ति वर्ष वार उपर्युक्त उप कंडिका (ख) के अनुसार निःशक्त जनों के लिए आरक्षण का परिकलन किया जायेगा। जिन नियुक्तियों में निःशक्त जनों का प्रतिनिधित्व हो पाया है उसके बाद बचे हुए आरक्षण की प्रतिपूर्ति आगामी भर्ती वर्षों में किया जाएगा। प्रतिपूर्ति के लिए अधिनियम की धारा–41 के तहत आरक्षित पदों की रिक्ति 5 प्रतिशत तक रखी जा सकती है।

5. सीधी नियुक्ति में निःशक्त जन आरक्षण की अदला-बदली एवं आरक्षण का अग्रणयन :-

(क) निःशक्त जनों के विभिन्न तीन प्रवर्गो का आरक्षण अलग-अलग किया जायेगा।

(ख) यदि निःशक्त जनों के लिए आरक्षित पद सुसंगत कोटि के निःशक्त जनों के योग्य व्यक्ति के अभाव में या अन्य कारणों से भरी नहीं जा सके तो वैसा उपर्युक्त आरक्षण अगली भर्ती के लिए अग्रणीत किये जाएँगे।

(ग) यदि अगले भर्ती वर्ष में भी संगत निःशक्तता से ग्रसित योग्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं हो तो अगले भर्ती वर्ष में संबंधित निःशक्तता आरक्षण अन्य प्रवर्गो के बीच विभागाध्यक्ष की अनुमति प्राप्त कर परस्पर अदला-बदली द्वारा भरा जा सकता है।

(घ) केवल तभी जब तीसरे भर्ती वर्ष में भी उपयुक्त कोटिके योग्य उम्मीदवार उपलब्ध न हो, तो वैसा आरक्षण व्यपगत्(Lapse)माना जायेगा।

6. निःशक्ता (निःशक्त जन) की परिभाषा :-

(I) अंधापन :- ''अंधापन'' का अभिप्राय जब किसी व्यक्तिकी दृष्टि की स्थिति निम्नवत हो-

(क) दृष्टि का पूर्ण अभाव, अथवा

(ख) बेहतर आंख में दृष्टि सुधारने वाले लेंसों के साथ दृष्टि विमलता 6/60 अथवा 20/200 (स्नेलैन) से न्यून

अथवा

(ग) दृष्टि क्षेत्र की सीमा जिससे कम से कम 20 डिग्री का कोण व्याप्त हो

अथवा

(घ) कम दृष्टि :- ''कम दृष्टि वाले व्यक्ति'' से वह व्यक्ति अभिप्रेत होता है जिसकी दृष्टि क्रिया उपचार अथवा मानक परावर्तित सुधार करवाने के बावजूद भी दृष्टि की स्थिति सामान्य नहीं हो परन्तु समुचित सहायक यंत्र की सहायता

किसी काम की योजना बनाने अथवा उसे निष्पादित करने में दृष्टि का प्रयोग करता हो अथवा उसका प्रयोग करने में समर्थ हो।

(II) कम सुनाई देने की निःशक्तता :- जिस व्यक्ति में बातचीत स्वरूप की श्रेणी की आवृत्ति 60 डेसिबल से कम हो अथवा उससे अधिक का लोप अभिप्रेत है।

(III) (क) चलने फिरने की निःशक्तता :- "चलने फिरने की निःशक्तता" से हड्डियों, जोड़ो अथवा मांसपेशियों की निःशक्ता अथवा किसी भी तरह का प्रमस्तिष्कीय पक्षघात (फालिज) अभिप्रेत है, जिससे अंगो के हिलने डुलने में अत्यधिक बाधा हो।

(ख) प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज) :- "प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज)" से किसी व्यक्ति की गैर विकासोन्मुख स्थितियों का समूह अभिप्रेत है, जो जन्म से पूर्व, जन्म के आसपास अथवा विकास की आंरभिक अवधि में घटित मस्तिष्क आघात अथवा चोटों के परिणाम स्वरूप चलने-फिरने की असामान्य नियंत्रण भंगिता के रूप में परिलक्षित होता है।

(ग) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के सभी मामले "चलने फिरने की निःशक्तता अथवा प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज)" की श्रेणी के अन्तर्गत आएंगे।

7. आरक्षण के लिए निःशक्तता की मात्रा :- केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो, कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता से ग्रस्त हो जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहता हो उसे, अनुबंध-1 में दिए गए प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया निःशक्तता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

8. निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी :- निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए, केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा विहित रूप से गठित मेडिकल बोर्ड, सक्षम प्राधिकारी होगा। केन्द्र/राज्य सरकार मेडिकल बोर्ड का गठन कर सकती है, जिसमें कम से कम तीन सदस्य होगें। इन सदस्यों में कम से कम मूल सदस्य, चलने फिरने की निःशक्तता/कम सुनाई देने की निःशक्तता, जैसे भी मामला हों, का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्र विशेष का विशेषज्ञ होना चाहिए।

9. उपयुक्तता मानदण्ड में छूट :- निःशक्त जन के लिए आरक्षित पद भरने की निमित्त यदि निःशक्त जन सामान्य मानदण्डों को पूर्ण नहीं करता हो तो पर्याप्त संख्या की अनुपलब्धता में आरक्षित शेष रिक्तियों को भरने के लिए मानदण्डों में ढील देकर इस श्रेणी के उम्मीदवारों का चयन किया जाए बशर्ते कि वे ऐसे पद अथवा पदों के लिए अनुपयुक्त न हो। इस प्रकार यदि निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित सभी रिक्तियों को मानदण्डों के आधार पर नहीं भरा जा सके तो आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए इन श्रेणियों के उम्मीदवारों का मानदण्डों को शिथिल कर के चयन कर लिया जाए बशर्ते कि विचाराधीन पद/पदों पर नियुक्ति हेतु कोई उम्मीदवार उपयुक्त पाए जाए।

10. आयुसीमा में छूट :- कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निःशक्त जनों के लिए यथा निर्धारित आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी।

11. परीक्षा शुल्क एवं आवेदन शुल्क में छूट :- कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निःशक्त जनों के लिए यथा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं आवेदन शुल्क में छूट उपलब्ध होगी।

12. रिक्तियों का संसूचनः- निःशक्त जनों का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक नियुक्ति पदाधिकारी को निम्नलिखित बातों का विशेष ख्याल रखना होगा :-

(क) रिक्ति के संसूचन में कुल स्वीकृत बल, कुल रिक्तियाँ, अनारक्षित (गैर आरक्षित), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग-। एवं पिछड़ा वर्ग-।। की कोटिवार रिक्तियाँ, रिक्त पदों के विरूद्ध अनुमान्य निःशक्तता के विभिन्न प्रवर्गो के लिए अनुमान्य आरक्षण।

(ख) रिक्त पद के लिए निःशक्तता के विभिन्न प्रवर्गो की उपयुक्तता को स्पष्ट किया जाना चाहिए।

(ग) निःशक्तता के लिए न्यूनतम शारीरिक क्षमता का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

(घ) यह भी उल्लेख रहना चाहिए की 40 प्रतिशत से कम अशक्तता से ग्रसित निःशक्त जन को आरक्षण की सुविधा अनुमान्य नहीं होगी।

13. निःशक्त जन आरक्षण के लिए संवर्ग के लिए नियुक्ति प्राधिकार नोडल पदाधिकारी रहेंगे।

14. निःशक्त जन आरक्षण के लिए उपर्युक्त प्रावधानों के अनुपालन के लिए नोडल पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे। कार्यान्वयन में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए नियुक्ति प्राधिकार/नोडल पदाधिकारी के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई चलायी जा सकती है।

15. इस संकल्प के राजकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से पूर्व निर्गत निःशक्त जन आरक्षण से सम्बन्धित सभी अनुदेश/संकल्प एतद् द्वारा अवक्रमित समझे जायेंगे।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

4.7.16.

(निधि खरे)

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–05/2016 का0 5671 /राँची, दिनांक 04/07/16

प्रतिलिपि–नोडल पदाधिकारी, ई–गजट कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

4.7.16.

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–05/2016 का0 5671 /राँची, दिनांक 04/07/16

प्रतिलिपि–महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग,रांची/झारखण्ड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद, रांची/सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, रांची/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, रांची/सचिव,झारखण्ड विधानसभा/सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रत्येक विभाग/विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि उनके अधीनस्थ सभी स्थानीय निकायों/निगमों/लोक सेवा उपक्रमों/पर्षदों को अविलम्ब सूचना करा दें।

4.7.16.

सरकार के प्रधान सचिव।

अनुबन्ध- 1

संस्थान/अस्पताल का नाम और पता

प्रमाण पत्र सं. .... तारीख ....

निःशक्तता प्रमाण पत्र

चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा विधिवत प्रमाणित उम्मीदवार का हाल का फोटो जो उम्मीदवार की निःशक्तता दर्शाता हो।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.. सुपुत्र/पत्नी/सुपुत्री .... आयु .... लिंग .... पहचान चिन्ह .... निम्नलिखित श्रेणी की स्थायी निःशक्तता से ग्रस्त –

क. गति विषयक (लोकोमोटर) अथवा प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फॉलिज)

(I) दोनों टांगे (बी एल) – दोनों पैर प्रभावित किन्तु हाथ प्रभावित नहीं

(II) दोनों बाहें (बी एल) – दोनों बाहें प्रभावित (क) दुर्बल पहुँच

(ख) कमजोर पकड़

(III) दोनों टांगे और बांहे (बी एल ए) – दोनों टांगे और दोनों बाहें प्रभावित

(IV) एक टांग (ओ एल) – एक टांग प्रभावित (दायां या बायां)

(क) दुर्बल पहुँच

(ख) कमजोर पकड़

(ग) गति विभ्रम (अटैक्सिस)

(V) एक बांह (ओ ए) – एक बांह प्रभावित

(क) दुर्बल पहुँच

(ख) कमजोर पकड़

(ग) गति विभ्रम (अटैक्सिस)

(VI) पीठ और नितम्ब (बी एच) – पीठ और नितम्ब में कड़ापन (बैठ और झुक नहीं सकते)

(VII) कमजोर मांस पेशियां (एम डब्ल्यू) – मांस पेश्यिों में कमजोरी और सीमित शारीरिक सहनशक्ति।

ख. अंधापन अथवा अल्प दृष्टि

(i) बी–अंधापन

(ii) पी बी – आंशिक रूप से अंधता

ग. कम सुनाई देना

(i) डी – बधिर

(ii) पी डी – आंशिक रूप से बधिर

(उस श्रेणी को हटा दें जो लागू न हो)

2. यह स्थिति में प्रगामी है/गैर प्रगामी है/इसमें सुधार होने की संभावना है/सुधार होने की संभावना नहीं है। इस मामले का पुनर्निधारण किए जाने की अनुशंसा नहीं की जाती। .... वर्षो .... महीनों की अवधि के पश्चात् पुनर्निधारण किए जाने की अनुशंसा की जाती है।

3. उनके मामले में निःशक्तता का प्रतिशत .... है।

4. श्री/श्रीमती/कुमारी .... अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए निम्नलिखित शारीरिक अपेक्षाओं को पूरा करते/करती है :–

(i) एफ– अंगुलियों को चलाकर कार्य कर सकते/सकती है। हाँ/नहीं

(ii) पी पी – धकेलने और खींचने के जरिए कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(iii) एल – उठाने के जरिए कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(iv) के सी – घुटनों के बल झुकने और दबक कर कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(v) बी – झुक कर कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(vi) एस – बैठकर कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(vii) एस टी – खड़े होकर कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(viii) डब्ल्यू – चलते हुए कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(ix) एस ई – देख कर कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(x) एच – सुनने/बोलने के जरिए कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(xi) आर.डब्ल्यू – पढ़ने और लिखने के जरिए कार्य कर सकते/सकती हैं। हाँ/नहीं

(डॉ ....)	(डॉ ....)	(डॉ ....)
सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष
चिकित्सा बोर्ड	चिकित्सा बोर्ड	चिकित्सा बोर्ड

चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्साअधिकारी/
अस्पताल के मुखिया द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित,
(मुहर सहित)

❖ जो लागू न हो काट दें।

निःशक्तता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए आरक्षण रोस्टर

अनुबन्ध-।।

भर्ती का वर्ष	साईकिल सं. और पॉइन्ट सं.	पद का नाम	क्या निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए पद उपयुक्त पाया गया			अनारक्षित अथवा आरक्षित	नियुक्त व्यक्ति का नाम और नियुक्ति की तारीख	क्या नियुक्त किया गया व्यक्ति दृ.व./व./शा.वि. अथवा इनमें से कोई नहीं	अभ्युक्तियां यदि कोई हो
			दृ.वि.	व.	शा. वि.				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.

*यदि आरक्षित पहचाने गए हो तो लिखें दृ.वि./व./शा.वि. जैसा भी मामला हो, अन्यथा लिखें अनारक्षित।

**लिखें दृ.वि./व./शा.वि. अथवा इनमें से कोई नहीं, जैसा मामला हो।

***दृ.वि./व./शा.वि. का आशय दृष्टि विकलांग, बधिर और शारीरिक विकलांग से है।

पत्रांक : 7/जा0नि0–03–13/2015 का0............../

झारखण्ड सरकार

कार्मिक , प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

रतन कुमार,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची।

राँची, दिनांक..................2015

विषय :– नियोजन एवं शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण की सुविधा।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–2253, दिनांक–18.09.2015 के प्रसंग में संसूचित करना है कि इस विभाग के पत्र संख्या–5682, दिनांक–22.10.2008 एवं 10007 दिनांक–29.08.2012 द्वारा परिचारित जाति प्रमाण पत्र के प्रपत्र–I एवं II क्रमशः अनु0 जाति/अजजा एवं अ0 पि0 वर्ग (I) तथा पिछड़ा वर्ग (II) के जाति प्रमाण पत्र धारकों से निवास/अधिवास विषयक प्रमाण पत्र अपेक्षित नहीं है।

विश्वासभाजन

ह0/–

(रतन कुमार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–7/जा0नि0–03–13/2015 का0..........9948........../ राँची, दिनांक 20/11/2015

प्रतिलिपिः– सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड सेवा प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

E:\back up 12.08.2015\Letter.doc

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

संकल्प

विषय : **शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण का प्रावधान।**

भारत संविधान के अनुच्छेद–16(4) की पृष्ठभूमि में अधिनियमित 'झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001' की धारा–4(6) (क, ख, ग एवं घ) के आलोक में राज्य स्तरीय विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण का प्रावधान संकल्प संख्या–5/आ0–03/2001–5800, दिनांक 10.10.2002 तथा जिला स्तरीय औद्योगिक/तकनीकी संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण का प्रावधान संकल्प संख्या–7/नीति (आरक्षण)–06/2001 का॰–905, दिनांक 04.02.2002 में निरूपित है जिसकी कंडिका क्रमशः 8 एवं 4 के प्रावधान निम्न प्रकार है :–

"यदि नामांकन हेतु किसी आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो उस वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को निम्नांकित रूप से विनियमित किया जाएगा:–

(क) यदि अनुसूचित जाति के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा और यदि अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो अनुसूचित जाति के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा।

(ख) यदि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दोनों ही कोटि के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा।

(ग) यदि इसके बाद सीटें बची रह जाती है तो उन्हें सामान्य कोटि के उम्मीदवारों से भरा जायेगा।"

2. झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2011 के द्वारा 'झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001' की धारा–4(6) (क, ख, ग एवं घ) के प्रावधान को विलोपित करते हुए नया प्रावधान प्रतिस्थापित किया जा चुका है जिसमें रिक्तियों के विनिमय की व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। अतः संकल्प संख्या–5800, दिनांक 10.10.2002 एवं संकल्प संख्या–905 दिनांक 04.02.2002 में अंकित उपर्युक्त प्रावधान अब अप्रासंगिक है।

3. एतदर्थ उपर्युक्त दोनों संकल्पों की सन्दर्भित कंडिका को एतदद्वारा विलोपित किया जाता है।

4. उक्त दोनों संकल्प तदनुसार संशोधित समझा जायेगा। संकल्पों के शेष प्रावधान यथावत् रहेंगे।

5. यह संकल्प तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

आदेश : आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

20.9.11

(फिदेलिस टोप्पो)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–7/नीति (आरक्षण)–06/2001 का॰–5886/राँची, दिनांक 21/9/11

प्रतिलिपि–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को भेजे।

20.9.11

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–7/नीति (आरक्षण)–06/2001 का॰–5886/राँची, दिनांक 21/9/11

प्रतिलिपि–राज्यपाल सचिवालय/मुख्यमंत्री सचिवालय/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/ विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें।

20.9.11

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–7/नीति (आरक्षण)–06/2001 का॰–5886/राँची, दिनांक 21/9/11

प्रतिलिपि–महानिबन्धक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/सचिव, झारखण्ड विधान सभा/झारखण्ड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20.9.11

सरकार के संयुक्त सचिव।

पत्रांक–7 / सू0अ0–05–03 / 2011 का॰–5448 /

झारखण्ड सरकार,

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

फिदेलिस टोप्पो,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी प्रधान सचिव / सचिव / सभी विभागाध्यक्ष /
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / सभी उपायुक्त,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 12/9/2011

विषय : नियुक्ति तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण की सुविधा।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय पर विभागीय पत्र संख्या–3557, दिनांक 18.10.2005 का कृपया निदेश किया जाय जिसके द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–B.C.-16014/1/82-S.C. and B.C.D.-I, दिनांक 22.02.1985 की प्रति संलग्न करते हुए जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आवश्यक अनुदेश जारी किया गया था। इस क्रम में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार से पत्र संख्या– 27/26/2006-SRS, दिनांक 29 जुलाई, 2008 प्राप्त हुआ है। पत्र में अंकित अनुदेश के अनुसार नियुक्ति तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन में राज्य की अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग को अनुमान्य आरक्षण की सुविधा तभी दी जा सकती है जब उम्मीदवार की जाति राज्य की अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग में वर्गीकृत हो तथा उम्मीदवार राज्य का अधिवासी (Domicile) हो।

अनुरोध है कि नियुक्ति तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त तदनुसार कार्रवाई की जाय।

सुलभ प्रसंग हेतु भारत सरकार के उपर्युक्त पत्र की प्रति भी संलग्न है।

विश्वासभाजन,

10.9.11

(फिदेलिस टोप्पो)
सरकार के संयुक्त सचिव।

239

No.27/26/2006-SRS
Ministry of Personnel, P.G. & Pensions
(Department of Personnel & Training.)
Government of India
****

Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi-110003.
Dated : 28th July, 2008

To

2 n JUL 2008

29 JUL 2008

Sh. N. S. Napalchayal,
Principal Secretary,
Reorganisation,
Government of Uttrakhand,
Dehradun.

Dr. R.C. Srivastava,
Principal Secretary,
Uttar Pradesh State Re-organisation Coordination Department,
Vikas Bhavan,
Janpath, Lucknow,
Uttar Pradesh.

Subject : Consideration of representations of the employees of reservation category where their caste is listed only in one of the successor State regarding.

Sir,

I am directed to say that the reference received from the National Commission for Schedule Tribes on the above mentioned issue has been examined in consultation with the Reservation Division of this Department. The Reservation Division has stated that the benefits of reservation in the matter of appointment to post or admission in educational institutions is available only to State candidates who belong to a caste / community which is categorised as SC / ST / OBC of the State and who are the 'domicile' of the State. It has recommended for allocating such candidates to the successor State where his caste is listed in the schedule, as per his option. A

2. Keeping the advice of the Reservation Division in view, it has been decided to treat the employees, whose caste has been categorized as SC / ST / OBC only in one of the successor States, as special category, and all future allocation of these employees is to be made only to that State where their caste is listed in the schedule of the State or as per their option.

Yours faithfully,

(V. Peddanna)
Deputy Secretary to the Government of India
Tele.Fax:011 2462 3711

Receipt & Issue Section
जारी किया/ISSUED
हस्ताक्षर/Sig. ....

झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ।

संकल्प

रॉची, दिनांक-14 दिसम्बर, 2002 ।

विषयः जिला स्तरीय औद्योगिक/ तकनीकी संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण ।

राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान एवं उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिला स्तरीय औद्योगिक एवं तकनीकी संस्थानों में नामांकन हेतु जिलावार आरक्षण की व्यवस्था करते हुए संकल्प संख्या- 905 दिनांक-04.02.2002 निर्गत किया है ।

2. माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा विभिन्न जनहित याचिकाओं की सुनवाही के उपरान्त आरक्षण की व्यवस्था 50% सीमा के अन्तर्गत रखने का न्यायदेश दिया गया है ।इस आदेश के अनुसरण में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग को एक समेकित कोटि मानकर) को संलग्न परिशिष्ट-1 के अनुसार जिला स्तरीय औद्योगिक एवं तकनीकी संस्थानों में 50% की सीमा में नामांकन अनुमान्य होगा एवं तदनुसार एतद विषयक पूर्व निर्गत संकल्प संख्या- 905 दिनांक-4.2.2002 को वर्णित हद तक संशोधित किया जाता है ।

3. आरक्षित कोटि की सीटों की रिक्तियों को भरने हेतु यदि विनिमयन की आवश्यकता होगी तो उसे ऊपर कण्डिका-2 में किये गए संशोधन को ध्यान में रखते हुए संकल्प संख्या-905 में दिनांक- 4.2.2002 में दर्शायी गई विधि से किया जायेगा ।

4. इस संकल्प के प्रावधान जिन संस्थानों में नामांकन हेतु आवेदनपत्र दिये जा चुके हैं अथवा परीक्षायें हो चुकी है परन्तु नामांकन नहीं हुआ है उन पर भी लागू होगा ।

आदेशः आदेश है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड, रॉची/

सभी विभाग/ सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/ सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

14-12-2002

(एस0 के0 चौधरी),
सरकार के सचिव ।

आदेशः आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ की जाये एवं इसकी प्रति महालेखाकार, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जायें ।

14-12-2002

(एस0 के0 चौधरी),
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-7/नि. (आ.) 06/2001 का0 6782/ राँची, दिनांक-14 दिसम्बर, 2002 ई0 ।
प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200(दो सौ) प्रतियॉ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को भेंजे ।

14-12-2002

सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-7/नि. (आ.) 06/2001 का0 6782/ राँची, दिनांक-14 दिसम्बर, 2002 ई0 ।
प्रतिलिपि- राज्यपाल सचिवालय/ मुख्यमंत्री सचिवालय/ सरकार के सभी विभाग/ सभी विभागाध्यक्ष/ मुख्यसचिव के सचिव/ सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/ सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/ सभी राज्य लोक उपक्रमों/ परिषदों/ निगमों/ निकायों/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें ।

14-12-2002

सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-7/नि. (आ.) 06/2001 का0 6782/ राँची, दिनांक-14 दिसम्बर, 2002 ई0 ।
प्रतिलिपि- महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/ सचिव, झारखण्ड विधान सभा/ झारखण्ड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

14-12-2002

सरकार के सचिव ।

परिशिष्ट - 2(1)

झारखण्ड राज्य के जिलों की रिक्तियों में सीधी नियुक्तिके लिए आरक्षण

क्रमशः	जिला का नाम	अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत	अनुसूचित जाति के लिए प्रस्तावित आरक्षण प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति के लिए प्रस्तावित आरक्षण प्रतिशत	शेष बचा आरक्षित कोटा प्रतिशत में	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए समेकित आरक्षण प्रतिशत	कुल आरक्षण प्रतिशत में
1	राँची	5.57	5	43.56	43	2	2	50
2	लोहरदग्गा	3.78	3	56.41	47	0	0	50
3	गुमला	3.62	3	69.76	47	0	0	50
4	सिमडेगा	7.99	7	72.45	43	0	0	50
5	प0 सिंहभूम	4.57	4	65.48	46	0	0	50
6	सरायकेल्ला खरसॉवा	5.67	5	38.23	38	7	7	50
7	पू0 सिंहभूम	4.79	4	28.92	28	18	18	50
8	देवघर	12.4	12	12.76	12	26	26	50
9	गोड्डा	8.46	8	25.09	25	17	17	50
10	साहेबगंज	5.44	5	38.99	38	7	7	50
11	पाकुड़	5.44	5	38.99	38	7	7	50

परिशिष्ट - 1

झारखण्ड राज्य के जिलों की रिक्तियों में सीधी नियुक्तिके लिए आरक्षण

12	दुमका	5.55	5	46.62	45	0	0	50
13	जामताड़ा	9.42	9	32.7	32	9	9	50
14	पलामु	27.41	27	8.98	8	15	15	50
15	गढ़वा	23.81	23	15.65	15	12	12	
16	लातेहार	21.3	21	45.3	29	0	0	
17	हजारीबाग	18.89	18	8.81	8	24	24	50
18	कोडरमा	18.89	18	8.81	8	24	24	50
19	चतरा	18.89	18	8.81	8	24	24	50
20	गिरिडीह	13.31	13	12.22	12	25	25	50
21	बोकारो	13.31	13	12.22	12	25	25	50
22	धनबाद	15.54	15	8.42	8	27	27	50

झारखंड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

संकल्प

विषयः- राज्य स्तरीय विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण का प्रावधान ।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16(4) की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार ने सीधी नियुक्तियों में विहित आरक्षण अनुपात को सरकारी/अर्द्धसरकारी व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण प्रतिशत निर्धारित करने का निश्चय किया है ताकि समाज के कमजोर वर्गों को पर्याप्त संख्या में शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु सुविधा प्राप्त हो सके और जिसके फलस्वरूप राज्य सरकार के अंतर्गत व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश प्रशिक्षण से संबंधित नौकरियों में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व सम्भव हो सके ।

2. इस संबंध में झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के द्वारा संकल्प संख्या-3884, दिनांक-05.11.2001 निर्गत किया गया है । राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में आरक्षण एवं विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका संख्या-WP(PIL) 3696/2002 रजनीश मिश्रा बनाम राज्य सरकार, WP(PIL) 4706/2001 दिनेश नीरज शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य के द्वारा चुनौती दी गयी और इस संबंध में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के 5 माननीय न्यायाधीशों के बेंच द्वारा सभी पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात् दिनांक-22.8.2002 को एक अंतरिम आदेश पारित किया गया एवं पुनः दिनांक-30.9.2002 को उक्त अंतरिम आदेश को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए एक और आदेश पारित किया गया ।

3. माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के उक्त अंतरिम आदेश एवं संशोधित आदेश के अनुसार झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण 50 प्रतिशत तक सीमित रखी जायेगी और इसका निर्धारण करने के लिए राज्य सरकार स्वतंत्र होगा ।

उक्त आदेश में यह भी कहा गया है कि उक्त याचिकाओं के अंतिम निर्णय होने तक, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर है एस0एल0पी0

13526/1993 Voice (Consumer Council) Vrs. State of Tamil Nadu के फ़ैसले पर आधारित होगा, 23 प्रतिशत पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में गुणागुण (मेरिट) कोटि से तदर्थ/औपबंधिक रूप से नियुक्ति की जायेगी ।

शेष 27 प्रतिशत सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों में नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से गुणागुण (मेरिट) कोटि से की जायेगी ।

4. माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा यह भी आदेश दिया गया है कि नियुक्ति में जो आरक्षण की व्यवस्था लागू रहेगी वही व्यवस्था शिक्षण संस्थानों में नामांकन में भी लागू रहेगी ।

5. अतएव माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण की अंतरिम व्यवस्था की है जिससे संबंधित संकल्प संख्या-5776, दिनांक-10.10.2002 निर्गत किया गया है ।

6. राज्य सरकार ने इस संकल्प के प्रावधानों को राज्य स्तरीय विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए भी लागू करने का निर्णय लिया है ।

7. अतएव पूर्व में निर्गत संकल्प संख्या- 3884, दिनांक- 5.11.2001 को अवक्रमित करते हुए अब राज्य सरकार के अधीन कार्यरत विनिर्दिष्ट व्यावसायिक /तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध सीटों के विरूद्ध नामांकन निम्नलिखित रूप से विनियमित किया जायेगा :-

(क)खुली गुणागुण(मेरिट)कोटि से:- प्रथम 27 प्रतिशत(नियमित रूप से)
शेष 23 प्रतिशत(तदर्थ/औपबंधिक रूप से)
कुल-50 प्रतिशत

(ख)आरक्षित कोटि से :- 50 प्रतिशत

(2) आरक्षित कोटि की 50 प्रतिशत में से आरक्षित उम्मीदवारों की विभिन्न कोटियों के लिए सीटें निम्न रूप में आवंटित होंगी :-

(क) अनुसूचित जाति	-	10 प्रतिशत
(ख) अनुसूचित जनजाति	-	26 प्रतिशत
(ग) अन्य पिछड़ा वर्ग (अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग को एक समेकित कोटि मानकर)	-	14 प्रतिशत
		कुल- 50 प्रतिशत

8. यदि नामांकन हेतु किसी आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हों तो उस वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को निम्नांकित रूप से विनियमित किया जाएगा :-

(क) यदि अनुसूचित जाति के उम्मीदवार उपलब्ध नही हो तो अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा और यदि अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो तो अनुसूचित जाति के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा ।

(ख) यदि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दोनों ही कोटि के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हों तो अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा ।

(ग) यदि इसके बाद सीटें बची रह जाती है तो उन्हें सामान्य कोटि के उम्मीदवारों से भरा जायेगा ।

9. जैसा कि सीधी नियुक्ति में आरक्षण का प्रावधान है कि मेरिट से चयनित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध सामंजित नहीं किया जायेगा बल्कि खुली गुणागुण कोटि की 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध सामंजित माना जायेगा, वैसी ही व्यवस्था करते हुए व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों में प्रवेश/नामांकन हेतु मेरिट से चुने गये नामांकन पाने वाले उम्मीदवारों को आरक्षण कोटि के विरूद्ध सामंजित नहीं माना जायेगा तथा उन्हें खुली गुणागुण कोटि की 50 प्रतिशत रिक्तियों के अन्दर माना जायेगा ।

10. विभिन्न विभागों से प्राप्त राज्य स्तरीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों की सूची परिशिष्ट-1 के रूप में द्रष्टव्य है । अगर कोई राज्य स्तरीय व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों की सूची इस परिशिष्ट के अन्तर्गत नहीं भी है तो उसमें भी यह प्रावधान लागू होगा । इस सूची में समय-समय पर परिस्थिति के अनुसार किसी शिक्षण संस्थान का नाम जोड़ा या विलोपित किया जा सकता है ।

इस संकल्प में दिये गये प्रावधान तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे तथा जिन व्यावसायिक/तकनीकी एवं सदृश शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु परीक्षा/आवेदन पत्र दिये जा चुके हैं, परन्तु नामांकन नहीं हुआ हो तो उन पर भी लागू होंगे ।

टिप्पणी :- (1) खुली गुणागुन (मेरिट) कोटि में आरक्षित कोटि अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समेकित रूप से) के उम्मीदवार यदि सफल होते हैं तो उन्हें आरक्षित कोटि में नहीं गिने जाने का प्रावधान है । परन्तु ऐसा संभव है कि 23 प्रतिशत की खुली गुणागुण (मेरिट) कोटि के विरूद्ध जो तदर्थ/औपबंधिक नामांकन की जायेगी उनमें से

आरक्षित कोटि के समुदाय के व्यक्ति भी शामिल हों और उन्हें आरक्षित कोटि के विरूद्ध नियमित रूप से नामांकन पाने वाले उम्मीदवारों से ज्यादा अंक प्राप्त हों । ऐसी स्थिति में नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार अपेक्षाकृत अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों को तदर्थ/औपबंधिक रूप से नामांकन करना अथवा कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को नियमित रूप से नामांकन करना न्यायोचित नहीं होगा । अतएव ऐसी परिस्थिति में अपेक्षाकृत कम अंक पाने वाले आरक्षित कोटि के सफल उम्मीदवारों को 23 प्रतिशत तदर्थ/औपबंधिक रूप से कोटि के अंतर्गत नामांकन किया जाय एवं अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवार को 50 प्रतिशत आरक्षित कोटि के अंतर्गत नियमित रूप से नामांकित किया जायेगा ।

(2) तदर्थ/औपबंधिक नामांकन के संबंध में जो भी नामांकन पत्र निर्गत होगा उसमें यह स्पष्ट अंकित होगा कि वह ऊपर कंडिका-3 में वर्णित माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या-WP (PIL) 3696/2002 रजनीश मिश्रा बनाम झारखंड सरकार एवं WP (PIL) 4706/2001 दिनेश नीरज शर्मा बनाम यूनियम ऑफ इन्डिया एवं अन्य में पारित होने वाले अंतिम आदेश से प्रभावित होगा ।

आदेश:- आदेश है कि सर्व साधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति महालेखाकार, बिहार/झारखंड, सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय ।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,
10-10-2002
(एस0 के0 चौधरी)
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या-5/आ0-03/2001-5800/ राँची, दिनांक- 10/10/2002

प्रतिलिपि- अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि गजट की 200 प्रतियाँ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, राँची को भेजें ।

10-10-2002
सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या–5/आ0–03/2001–5800 राँची, दिनांक– 10/10/2002

प्रतिलिपि– राज्यपाल सचिवालय/मुख्य मंत्री सचिवालय/ सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के सचिव/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/सभी राज्य पब्लिक अन्डरटेकिंग/परिषदों/निगमों/निकायों/विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विद्यालयों को इस संकल्प से अवगत करायें ।

10.10.2002

सरकार के सचिव ।

ज्ञाप संख्या–5/आ0–03/2001–5800 राँची, दिनांक– 10/10/2002

प्रतिलिपि– महानिबन्धक, झारखंड उच्च न्यायालय, राँची/सचिव, झारखंड विधान सभा/झारखंड लोक सेवा आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

10.10.2002

सरकार के सचिव ।

परिशिष्ट-1

विभागावार सभी प्रशिक्षण/ शिक्षण संस्थानों की सूची ।

1. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

(क) चिकित्सा महाविद्यालय
1. राजेन्द्र चिकित्सा महाविद्यालय, रॉंची
2. पाटलीपुत्र चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद
3. महात्मा गॉंधी मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर

(ख) फार्मेसी इन्स्टीच्यूट - रॉंची

(ग) नर्सिंग महाविद्यालय - रॉंची

(घ) ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र
1. दुमका, 2. हजारीबाग, 3. गिरीडीह, 4. धनबाद, 5. जमशेदपुर 6. डालटेनगंज, 7. सिमडेगा, 8. चाईबासा, 9. रॉंची, 10. देवघर ।

(ङ) नर्सिंग स्कूल - 1. रॉंची, 2. जमशेदपुर, 3. धनबाद ।

(च) एल0एच0भी0 स्कूल - सदर अस्पताल, रॉंची ।

2. विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
(क) राजकीय पोलिटेक्निक (महिला सहित)/खनन संस्थानों की सूची
1. आदित्यपुर, 2. खुटरी, 3. दुमका, 4. धनबाद, 5. रॉंची, 6. जमशेदपुर, 7. बोकारो, 8. कोडरमा, 9. भागा, 10. लातेहार ।

3. राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन अभियंत्रण महाविद्यालय
1. बिहार इन्स्टीच्यूट ओफ टेक्नोलॉजी, सिन्दरी ।

4. शेष अभियंत्रण महाविद्यालयों की सूची
